तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025




14 इस्पात भूमि के पेज नंबर-4 पर जरूर पढ़ें, वर्ष 2025 में हुईं प्रमुख घटनाएं, जिसके लिए याद किया जाएगा साल...



# उतई स्कूल में स्टॉफ मार रहा था गप, रिसामा स्कूल के हेडमास्टर ही रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने सोमवार को 14 सरकारी स्कूलों में औचक निरीक्षण किया। आदर्शनगर उतई और प्राथमिक शाला उतई में कक्षा खाली देखकर स्टाफ रूम में बैठे प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षकों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें कक्षा खाली नहीं छोड़ने सख्त हिदायते दी। प्राथमिक शाला रिसामा में प्रधान पाठक नरेश ठाकुर की बिना सूचना अनुपस्थिति पर डीईओ ने तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करने निर्देशित किया।

शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवई, उतई, आदर्श नगर उतई, बोरीगारका, बोरीडीह, मातरोडीह, कातरो, रिसामा, अंडा तथा शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय उतई, कातरो, अंडा, मेडेसरा, ननकट्ठी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

प्राथमिक शाला उतई में प्रधानपाठक और सभी शिक्षक प्रार्थना स्थल पर सभी विद्यार्थियों को 22 तक के पहाड़ा का अभ्यास कराते मिले। बच्चे पूरी ऊर्जा और ध्यान से दुहराते रहे। पहाड़ा के इस प्रकार के अभ्यास को देखकर डीईओ ने प्रधानपाठक दीप्ति रानी खोबरागड़े सहित सभी शिक्षको तथा कक्षा चौथी की हंसिका, मानवी और आर्यन को शाबाशी दी और उनकी प्रशंसा की। शासकीय प्राथमिक शाला बोरीगारका में शिक्षक प्रहलाद सिन्हा को बच्चों के साथ मेट पर बैठकर अभ्यास कराते देख डीईओ ने उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

## डीईओ ने किया औचक निरीक्षण... ज्यादातर स्कूलों में पढ़ाई अच्छी मिली, सराहना से शिक्षक हुए प्रसन्न

### मातरोडही में प्रधान पाठक ही बच्चों को पढ़ाते मिले

इसी तरह प्राथमिक शाला मातरोडीह में दो कार्यरत शिक्षकों में एक शिक्षक की ड्यूटी निर्वाचन में लगी है, लेकिन वहां उपस्थित प्रधान पाठक रेखराम कोठारी कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को पढ़ाते मिले। कक्षा तीसरी के सभी बच्चो को धारा प्रवाह हिंदी वाचन, 15 तक पहाड़ा और बारह खड़ी में अभ्यस्त होने को देखते हुए डीईओ ने शिक्षक की पीठ थपथपाई और सभी बच्चों से ताली बजा उनका स्वागत किया। डीईओ ने स्कूलों में सिलेबस के हिसाब होनी वाली पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।




### कातरो में कक्षा स्तरीय पढ़ाई नहीं, डीईओ ने जताई नाराजगी

डीईओ ने बताया कि एक शिक्षक होने के बावजूद रेखराम कोठारी का प्रयास बाकी ऐसे सभी शिक्षको के लिए भी प्रेरणास्पद है जो शिक्षक की कमी का बहाना अक्सर बनाया करते है। कातरो में बच्चो का स्तर कक्षा स्तरीय नहीं पाया गया। शासकीय हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालय उतई, कातरो, मेडेसरा, ननकट्ठी में बोर्ड परीक्षाओं हेतु डीईओ कार्यालय से भेजे गए प्रश्न बैंक, 5 वर्षो के बोर्ड के प्रश्न पत्रों को हल कराने, उन प्रश्नों के आधार पर टेस्ट परीक्षा आयोजित करने, मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को विद्यार्थियो को देकर हुई त्रुटियों को सुधरवाने सहित प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। डीईओ ने चिन्हांकित कमजोर बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम से बोर्ड की तैयारी कराए जाने के निर्देश भी दिए।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले धरे गए



**भिलाई।** लोहे का चाकू लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जालबांधा रोड ग्राम बिरेझर चौक चौकी लिटिया सेमरिया बोरी के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा कर चाकू लेकर दहशत फैलाया जा रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची ग्राम दिलीपपुर केसीजी निवासी चुरामन वर्मा ऊर्फ मनी और ग्राम दिलीपपुर थाना व जिला केसीजी अजय गायकवाड उर्फ ढोकू को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से दो लोहे का चाकू, बाइक बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक संतु राम ठाकुर समेत स्टाफ मौजूद थे।

### शटर तोड़कर 2.25 लाख पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर नगदी पार करने का मामला सामने आया है। नेवई पुलिस ने बताया कि कृष्णा टाकिज रोड रिसाली निवासी उमाकांत यादव का मैत्री नगर प्लाट 1 फेस 6 में साई ट्रेडर्स के नाम से पाईप सेनेटरी की दुकान है। दुकान में 28 दिसंबर को दुकान बंद कर कैश काउन्टर में ताला लगाकर घर चला गया। रात करीबन 2:20 बजे गली के चौकीदार ने घर पहुंचकर शटर खुले होने की जानकारी दी। दुकान जाकर देखने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। चोरी की जानकारी पुलिस को दिया। दुकान चेक करने पर गल्ले का भी लाकर टूटा पड़ा मिला। जिसमें करीब 2 लाख रुपए और दुसरे में 25 हजार था। जो गायब मिला। दुकान से कुल 2.25 लाख रुपए चोरी हो गए। सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

### विधायक लिखी गाड़ी पर पुलिस ने लगाया जुर्माना



**भिलाई।** यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले मोटर साइकिल एवं कार चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर भिलाई नगर थाना अंतर्गत चौक चौराहो पर लगातार चेकिंग की जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान ईनोवा क्रिस्टा कार सीजी 07 सीडी 0013 के कार चालक द्वारा कार को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए यातायात के नियमों का उल्लंघन किया गया है। कार चालक के विरुद्ध धारा 112/183, 108, 194 बी (1), 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। का चालक नितेश कुमार पिता शंजय गेंडरे उम्र 32 साल निवासी कोहका पुरानी बस्ती मिनीमाता भवन सुपेला से जुर्माना वसूला गया।

## प्रशासन का दावा कि लगातार धान उठाव के लिए डीओ कट रहे

# 74 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार, उठाव महज 24 प्रतिशत, 14 केंद्रों में एक बोरा धान नहीं उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में धान खरीदी जिस तेजी से हो रही है उस हिसाब से उठाव की रफ्तार बेहद सुस्त है। जिले में 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी सरकार कर रही है लेकिन हाल यह है कि धान का उठाव महज 24.47 फीसदी ही हो पाया है। हैरत की बात यह है कि 14 उपार्जन केंद्रों एक बोरा धान नहीं उठ पाया है।

इधर प्रशासन का दावा है कि धान उठाव के लिए लगातार डीओ काट रहे हैं। 135 राईस मिलर धान उठाव के लिए पात्र हो गए हैं। बता दें कि जिले में धान की खरीदी इस समय जोरों पर है। लगभग सभी केंद्रों में बफर लिमिट क्रॉस होने के करीब हो चुकी है। बावजूद इसके केंद्रों से धान का पर्याप्त उठाव शुरू नहीं हो पाया है। समितियों द्वारा लगातार इसे लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी उठाव में तेजी नहीं आई है। बता दें कि पिछले दिनों कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे लेकर धान खरीदी से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली थी। इसके अलावा खुद स्थल निरीक्षण किया था। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए, लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। बता दें कि टोकन को लेकर हर दिन किसान परेशान हो रहे हैं। इसकी लगातार शिकायत भी की जा रही है।



### इन उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा धान जाम

**उपार्जन केंद्र डीड़ाभाठा**

इस केंद्र में 39775 क्विंटल धान जाम है। यहां मोटा 4542 क्विंटल, पतला 3480 क्विंटल और सरोना धान 31752 क्विंटल धान उठाव होने के लिए पड़ा है। इस केंद्र में अब तक कुल 20 प्रतिशत ही धान का उठाव हुआ है।

**उपार्जन केंद्र कुर्मीगुंडरा**

इस केंद्र में 35830 क्विंटल धान जाम है। यहां मोटा 7994क्विंटल, पतला 2982 क्विंटल और सरोना धान 24853 क्विंटल धान उठाव होने के लिए पड़ा है। इस केंद्र में अब तक कुल 5.19 प्रतिशत धान उठाव हुआ है।

**उपार्जन केंद्र केसरा**

इस केंद्र में 34414 क्विंटल धान जाम है। यहां मोटा 5075 क्विंटल, पतला 1093 क्विंटल और सरोना धान 28245 क्विंटल धान उठाव होने के लिए पड़ा है। इस केंद्र में अब तक कुल 11.54 प्रतिशत धान का उठाव हुआ है।

नोट : इस तरह 71 उपार्जन केंद्र हैं जहां धान की बफर लिमिट पार कर गई है।

**268901 मीट्रिक टन धान की खरीदी**

जिले में अब तक 63,749.45 लाख रूपए की लागत से 2,68,901.52 मे. टन धान की खरीदी हो चुकी है। समय पर भुगतान राशि मिलने पर 50718 किसान लाभान्वित हुए हैं। धान उठाव हेतु 88,936.60 मे. टन धान का डीओ/टीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 65,765.60 मे. टन धान का उठाव किया जा चुका है। धान बेचने के पश्चात रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिससे बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 25932 लघु कृषकों ने 501.86 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में 38,20,547 बारदाने उपलब्ध करवाई गई है।

### इन केंद्रों में धान का अब तक उठाव नहीं

- ओटेबंद उपार्जन केंद्र- इस केंद्र में कुल 21591 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मोटा 8072, पतला 878 और सरना 12640 क्विंटल धान खरीदी की गई है।
- कुम्हारी उपार्जन केंद्र- इस केंद्र में कुल 15276 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मोटा 4960 और सरोना धान 10316 क्विंटल धान खरीदी की गई है।
- जामगांव एम उपार्जन केंद्र- इस केंद्र में कुल 24821 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मोटा 7056, पतला 1710 और सरोना धान 16055 क्विंटल खरीदी गई है।
- झीट उपार्जन केंद्र- इस केंद्र में कुल 29483 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मोटा 8720, पतला 987 और सरोना धान 19776 क्विंटल खरीदी गई है।
- टेंगाभाट उपार्जन केंद्र- इस केंद्र में कुल 23877 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मोटा 7828, पतला 226 और सरोना धान 15822 क्विंटल खरीदी गई है।
- डंगनिया उपार्जन केंद्र-इस केंद्र में कुल 28676 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मोटा 957, पतला 673 और सरोना धान 27045क्विंटल खरीदी गई है।

*नोट : इसके अलावा दारगांव उपार्जन केंद्र, पंदर, पेंड्रावन, बेल्हारी,पेंड्रीकुटहा, राजपुर उपार्जन केंद्र में धान का उठाव शून्य है।*

### डीओ लगातार जारी

धान उठाव में तेजी आई है। जिले में अब तक 120 राईस मिलरों का धान परिवहन के लिए अनुबंध हो चुका है। कुल 135 राईस मिलर अब धान उठाव के लिए पात्र हो चुके हैं। इसलिए धान उठाव का डीओ, टीओ लगातार जारी कर रहे हैं।

-राहुल सिंह
डीएमओ विपणन संघ

### मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर चोरी आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** मोबाइल दुकान में शटर तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि इन्दिरा नगर हथखोज निवासी रॉकीराज मिश्रा का ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में सीजी मोबाइल नामक दुकान है। 5 जुलाई की रात दुकान में शटर में ताला तोड़कर सामान पार किया गया था। दुसरे दिन सेलून वाले ने घटना की सूचना फोन कर दी थी। अज्ञात ने दुकान से जीओ कीपेड मोबाइल, आईटेल कंपनी का कीपेड मोबाइल नोट कटिंग मशीन, 5 एयर बर्ड, पुराने मोबाईल और गुल्लक के रखा गया नगद रकम गायब मिला। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपीा की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना खुर्सीपार निवासी कुलदीप कौशिक शराब भट्ठी खुर्सीपार के पास से कीपेड मोबाईल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। उसे घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस पूछताछ में कुलदीप ने बताया कि अपने दोस्त साथी विराज निर्मलकर के साथ मिलकर मोबाईल दुकान से चोरी करना स्वीकार किया। नगदी रकम को खाने पीने मे खर्च करना स्वीकार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज समेत उसकी टीम का योगदान रहा है।

### 3 साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग, जेवरा पुलिस ने भेजा जेल

## शादी से इंकार करने पर प्रेमिका को मारा ब्लेड, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शादी से इंकार करने पर प्रेमी ने ब्लेड से हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रेमी को तुरंत गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम सिल्ली सगनी निवासी अमन निषाद का युवती के साथ 3-4 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण युवती और आरोपी का आपस में बातचीत करते थे। आरोपी अमन निषाद 2-3 माह पूर्व किसी अन्य युवती से विवाह कर लिया था। तब युवती आरोपी अमन निषाद से बातचीत बंद कर दी।

इस दौरान 24 दिसंबर की रात आरोपी अमन निषाद युवती को फोन कर मिलने बुलाया था। जैसे युवती अपने घर के बाहर निकली अमन उसे शादी करने दबाव डाल रहा था। युवती ने शादी करने से इंकर करने पर अमन ने गला को दबा दिया और धमकी दिया कि दूसरे से शादी करने नहीं दूंगा। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए युवती को ब्लेड से गले में दो तीन बार हमला किया। युवती के गले में चोट गंभीर चोट आई है।

युवती ने बचाने की आवाज लगाने पर आरोपी अमन निषाद मौक से फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने नागपुर में छिपे अमन को गिरफ्तार करने पहुंची। आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शंकर नगर छावनी जामुल निवासी पुरेन्द्र कुमार साहू अपनी पत्नी के साथ उपचार कराने रायपुर गया था। 15 दिसंबर को पड़ोसियों के द्वारा चोरी होने की सूचना मिलने पर घर लौटे। तब मकान के भीतर प्रवेश करने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे सोने चांदी का जेवरात, चांदी का सिक्का और नगदी रकम पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर जामुल पुलिस में शिकायत किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हुलिया के आधार पर संदेही खुर्सीपार निवासी कुलदीप सिंह उर्फ बी. कुलदीप, एस. विनय उर्फ बुल्लू को पकड़ा गयाष। पूछताछ में आरोपियों ने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी टाप्स, 9 नग चांदी का सिक्का,1 जोड़ी चांदी का बिछिया जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.83 लाख 500 रूपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## आने वाले पांच दिनों में ठंड और बढ़ेगी, नए साल में शीतलहर

# ट्विनसिटी का पारा 8.2 डिग्री, चलने लगी सर्द हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी सोमवार को फिर सर्द हवाओं की चपेट में आ गई। न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा। यह सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। अधिकतम तापमान में भी कमी आई है। अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस रहा है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।



### हवाएं और नम होने की संभावना

मौसम विभाग के हिसाब से हवाएं और नम हो सकती है। जिससे ट्विनसिटी में और ठंड बढ़ने की संभावना है। आने वाले 24 घंटों में शीतलहर चल सकती है। जिसकी वजह से लोगों को कड़ाके की ठंड फिर से झेलना पड़ेगा। पिछले 15 दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से 8.2 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है।

### अलसुबह कोहरा व रात में बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। इसलिए अलसुबह कोहरे की स्थिति बन सकती है। रात में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी आ जाती है। जिसकी वजह से रात में में ठंड काफी बढ़ जाती है। हाल यह है कि अब कंबल-रजाई ओढ़कर सोने के बाद भी ठंड लगने लगी है।

**मार्निंग वॉकिंग में आई कमी**

लगातार बढ़ते ठंड की वजह से ट्विनसिटी में मार्निंग वॉक करने वालों में भी कमी आई है। गिने-चुने लोग सड़कों पर मार्निंग वॉक के लिए दिखाई दे रहे हैं। बुजुर्गों के लिए यह ठंड आफत जैसी हो गई है। बुजुर्ग घर से बाहर निकलने की स्थिति में नहीं है। इसी तरह दमा के मरीजों के लिए यह ठंड काफी परेशान करने वाली है। दमा के मरीजों को श्वांस लेने में दिक्कतें आने लगी है।




## खबर संक्षेप

### मंगलमय हरि नाम कीर्तन यात्रा निकाली गई

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू संस्था के साधकों द्वारा हरि नाम कीर्तन मंगलमय प्रभात कीर्तन यात्रा ग्राम खम्हरिया से निकाली गई, यात्रा खमरिया गांव में घुमाया गया। सभी को बापू की संस्था की ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका लोगों में निःशुल्क और 2026 का नूतन वर्ष का कैलेंडर भी बांटा गया। बच्चों को तुलसी की टॉफी दी गई। गांव के लोग भी यात्रा में शामिल हुए। हर रविवार को दुर्ग जिला के जगह जगह यह यात्रा निकाली जाती है। अंत में आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। यह जानकारी युवा सेवा संघ के अध्यक्ष शिवा साहू ने दी।

### दो दिवसीय घासीदास जंयती 31 को उरला में



**भिलाई।** दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम सतनाम समाज ग्राम उरला में 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक होगा। इसमें जयंती, ध्वजारोहरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बुधवार को प्रथम पहर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता महापौर भिलाई-चरोदा निर्मल कोसरे करेगें। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चन्द्राकर, ईश्वर लाल साहू,पार्षद भारती राम सूर्यवंशी, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर, अध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण राकेश ठाकुर, अध्यक्ष पटेल समाज उरला अवध राम पटेल, तहसील साहू संघ भिलाई-चरोदा दीपक साहू है। द्वितीय पहर में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघले होंगे।अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा करेगें। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, खिलावन साहू शामिल होंगे। इसके अलावा ध्वजारोहण 1 जनवरी को किया गया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे। अध्यक्षता महापौर निर्मल कोसरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चन्द्राकर, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर, सतीश साहू, पार्षद ईश्वर लाल साहू, भारती राम सूर्यवंशी हैं। कार्यक्रम में संध्या 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक गायक गोरेलाल बर्मन का आयोजित है।

### मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 8 ग्राम व पो. निकुम तहसील व जिला दुर्ग निवासी रामेश्वरी साहू की विगत 21 मई 2025 को आंधी तूफान से नीलगिरी का पेड़ इनके ऊपर गिरने से इनकी मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम पुरई तहसील व जिला दुर्ग के विक्रम सिंह की विगत 4 मई 2025 को नहाते वक्त तालाब के पानी में डूबने से एवं वार्ड नं. 4 गयाबाई विद्यालय के पास गया नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग निवासी समीर सिंह की विगत 6 सितंबर 2024 को नदी में डूबने से मृत्यु हुई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. रामेश्वरी साहू के पति रिखी राम साहू, स्व. विक्रम सिंह के पिता यशवंत सिंह और स्व. समीर सोनी की पत्नी नीतू सोनी को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# संजय नगर तालाब किनारे लगे चेकर टाइल्स उखड़े, तत्काल मरम्मत के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सोमवार को जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत विभिन्न वार्डों में संचालित विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नवीन सीमेंटीकरण, डामरीकरण सड़क, तालाब, उद्यान और खेल मैदानों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त संजय नगर तालाब भी पहुंचे, जहां लगे चेकर टाइल्स को उखड़ा देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। तत्काल मेंटेनेंस कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत वार्ड 6 संजय नगर से हुई, यहां स्थानीय नागरिकों द्वारा आवागमन की सुविधा हेतु सड़क निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निगम द्वारा यहाँ नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। आयुक्त ने सड़क का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस मार्ग के बन जाने से स्थानीय निवासियों को धूल और कीचड़ से मुक्ति मिलेगी तथा सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

## आयुक्त राजीव पांडेय ने नेहरूनगर जोन क्षेत्र के वार्डों का किया औचक निरीक्षण

### चेकर टाइल्स संधारण की दी हिदायत

संजय नगर तालाब के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि तालाब के चारों ओर लगे चेकर टाइल्स (पेवर) कई स्थानों से उखड़ गए हैं। उन्होंने जोन आयुक्त को तत्काल इन टाइल्स को व्यवस्थित कराने एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही तालाब के मध्य बने चबूतरे का संधारण कर उसे बेहतर स्वरूप देने की बात कही।



### आयुक्त ने उद्यान में नियमित साफ सफाई करने दिए निर्देश

आयुक्त ने गुलमोहर उद्यान का भी अवलोकन किया। उद्यान परिसर में निर्मित भवन के पास वर्तमान में शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को शेड का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा उद्यान के भीतर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात, समीप स्थित बैडमिंटन कोर्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से चैन लिंक फैंसिंग को व्यवस्थित और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ मुख्य रूप से अजय राजपूत जोन आयुक्त, फत्तेलाल साहू सहायक अभियंता, बसंत साहू व रीमा जामुलकर उप अभियंता, सुनील जोशी सहायक राजस्व अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भिलाई वार्ड 40 की बदहाल व्यवस्था, खराब सड़कों से नागरिक परेशान

# तीन माह से सार्वजनिक नल बंद, घरों में कम प्रेशर से गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर में नागरिक पानी की समस्या, नालियों की गंदगी और जर्जर सड़कों से परेशान हैं। कई महीनों से सफाई कार्य ठप, नालियां जाम है और सड़क मरम्मत की मांग लोगों ने की है।

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर के नागरिक पानी, साफ सफाई और जर्जर सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। नगर निगम के जोन 4 अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में कई महीनों से नालों में पानी का प्रवाह बंद है। नालियों की साफ सफाई नियमित रूप से नहीं होने के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की गंदगी के कारण बदबू फैलती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसके बावजूद निगम की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वार्ड की सड़कों की हालत भी चिंताजनक है। करीब 15 साल पहले बनाई गई सड़कों में अब बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई जगहों पर सड़क की परत उखड़ चुकी है। वहीं पुरानी नालियां जगह-जगह टूटने लगी हैं, जिससे बरसात के दौरान पानी भराव की आशंका और बढ़ जाती है। निवासियों का कहना है कि वे कई बार निर्वाचित जनप्रपिनिधि से इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन मरम्मत और सफाई कार्य अब भी लंबित है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई और आवश्यक सुविधाएं बहाल करने की मांग की है।

## शहीद चुम्मन यादव नगर में मूलभूत सुविधाएं ठप





### शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं



वार्ड निवासी राधा वैष्णव ने बताया कि उनके क्षेत्र में पिछले करीब तीन माह से सड़क पर लगे नलों में पानी नहीं आ रहा है। लोग इन्हीं नलों से अपनी अतिरिक्त पानी की आवश्यकता पूरी करते थे, लेकिन नल बंद पड़ जाने से परेशानी बढ़ गई है। राधा वैष्णव के अनुसार घरों में लगे नलों में भी पानी का प्रेशर काफी कम है। एक घंटे के लिए सप्लाई मिलती है, मगर दबाव कम होने के कारण लोग पर्याप्त पानी नहीं भर पाते। इससे लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, फिर भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### नालियां जाम, महीनों बाद होती है कचरा सफाई



वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्ड की निवासी पार्वती साहू ने बताया कि क्षेत्र में नाली और सड़क सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती। कई जगह नालियां जाम की स्थिति में हैं, लेकिन इसके बावजूद समय पर सफाई नहीं होती। पार्वती साहू के अनुसार नालियों की सफाई महीने में सिर्फ एक बार करवाई जाती है। लंबे समय तक कचरा जमा रहने से बदबू फैलती है। बारिश के समय पानी भरने की स्थिति बनती है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। निवासियों का कहना है कि नालियों में गंदगी जमा होने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है। इसके बाद भी निगमकर्मी अनियमित रूप से आते हैं और पूरी सफाई किए बिना ही चले जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि वार्ड में नियमित सफाई व्यवस्था बहाल की जाए।

### जनप्रतिनिधि के मोबाइल बंद, किसे बताए परेशानी



वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर में सड़कों की खराब हालत से लोग परेशान हैं। वार्ड निवासी मंगलिन बाई और मोहन कुमार ने बताया कि पुरानी होने के कारण वार्ड की कई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सड़क की सतह उखड़ चुकी है और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। निवासियों के अनुसार बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों के लिए सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। वहीं मोहन कुमार का कहना है कि शिकायत करने के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि के दिए गए मोबाइल नंबर भी सेवा में नहीं हैं। ऐसे में लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि शिकायत आखिर किससे करें।

# वीर बालक ओम उपाध्याय को साहिबजादा अजीत सिंह अवॉर्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आवारा कुत्तों से बच्चों को बचाने वाले कोहका निवासी ओम उपाध्याय को साहिबजादा अजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल और नगद राशि प्रदान की।

- कुत्तों के हमले से बचाया बच्चे को, मिला बहादुरी का सम्मान

उल्लेखनीय है कि कोहका की गलियों में अचानक आक्रामक कुत्तों ने छोटे बच्चों को घेर लिया। लोग घबरा गए, माहौल सन्नाटे में बदल गया, लेकिन इसी खामोशी के बीच एक बच्चा ओम उपाध्याय आगे आया जो सुन नहीं पाता।

ओम उपाध्याय पर कुत्तों ने हमला कर दिया। उसका हाथ लहूलुहान हो गया। दर्द गहरा था, मगर कदम पीछे नहीं हटे। ओम तब तक डटा रहा जब तक कुत्ते दुम दबाकर भाग नहीं गए। इस प्रकार उन्होंने बच्चों की जान बच गई। यही साहस आज राज्य भर में मिसाल बन गया है। रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में ओम उपाध्याय को साहिबजादा अजीत सिंह अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के चार बहादुर बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बच्चों का यह साहस प्रेरणा देता है और आने वाले वर्ष से वीर बाल दिवस पूरे प्रदेश में भव्य तरीके से मनाया जाएगा। ओम दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका का छात्र है। दोनों कान से सुनने में अक्षम होने के बावजूद उसने अपनी सूझबूझ और हिम्मत से छोटे बच्चों की जान बचाई। स्कूल प्राचार्य जेपी घनघोरकर ने ओम की वीरता की सराहना की है और विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह की घोषणा की है।

### स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया ग्रामीणों ने

**जामगांव आर।** एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत भवन अकतई में स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी-शुगर एवं अन्य जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई। शिविर में लगभग 49 लोगों ने जांच कराई। आयुष विज्ञान स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नेम वर्मा, सहयोगी पंकज एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामीण नागरिक सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद, दीपा मारकंडे, मनोज ठाकुर मौजूद थे।

# योग खिलाड़ी तुलाराम वर्मा को सांसद खेल महोत्सव में मिला स्वर्ण पदक

**जामगांव आर।** सांसद खेल महोत्सव में दुर्ग लोकसभा स्तर पर 30 साल से अधिक उम्र प्रतिभागी ग्रुप में अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय योग खिलाड़ियों के निःशुल्क योग विद्यालय मर्रा के योग गुरु 75 वर्षीय तुलाराम वर्मा ने मयूर आसन में पद्मासन का हैरत अंग्रेज प्रतिभा का प्रदर्शन कर युवा प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए दुर्ग लोकसभा स्तर पर योग में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा को उम्र के बंधन से मुक्त होने का स्वर्ण पदक प्रमाण जग जाहिर किया। रविशंकर स्टेडियम में आयोजित सासंद खेल महोत्सव में युवाओं ने 75 वर्षीय तुलाराम वर्मा के योग विद्या को नतमस्तक करते हुए प्रेरणा की अदभुत मिशाल माना।



तुलाराम वर्मा मर्रा के पूर्व सरपंच हैं। वर्तमान में कृषि महाविद्यालय मर्रा में प्रत्येक शुक्रवार को 30 विद्यार्थियों की योग क्लास लेते हैं। योग कला के धनी तुलाराम वर्मा ने बताया कि 2008 में हरिद्वार प्रवास के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव का योग सानिध्य मिला। तब से आज तक नियमित योग जारी है। वर्मा ने कहा कि हम अपने जीवन में घटना को घटित होते देख रहे है कि आप दुसरो का भला करे आपका भला होना तय है किसी का बुरा करके अपना भला हो जाने का सोचना भी बेमानी है व्यर्थ है ना समझी है। योग समिति पाटन ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम वर्मा, संरक्षक आसकरण जैन, कामता प्रसाद साहू, रामावतार चंद्राकर, महेंद्र साहू, रोमलाल साहू, डॉ. गुलाब साहू, वाईके साहू, नरेंद्र धरमगुड़ी, हलधर महमल्ला, ढालसिंह साहू, वासु साहू, संतोष यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# किसानों की अनुमति के बिना लगाया जा रहा बिजली टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बोरी लिटिया 132/33 केव्ही लाइन टॉवर बेस निर्माण से प्रभावित किसानों ने विधायक ललित चन्द्राकर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विधायक ने किसानों को उचित मुआवजा व सूचना देकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। किसानों ने विधायक को बताया कि उपकेंद्र रसमड़ा से उपकेंद्र सेमरिया लिटिया तक 132/33 केव्ही विद्युत पारेषण लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है,

- प्रभावित किसानों ने ग्रामीण विधायक ललित को दी जानकारी



जिसमें उनकी निजी भूमि में बिना सूचना, बिना सहमति एवं बिना मुआवजा निर्धारण के कार्य किया जा रहा है। निजी भूमि में बिना किसी पूर्व सूचना, लिखित नोटिस सहमति तथा बिना राजस्व विभाग द्वारा मुआवजा निर्धारण किए ही टावर बेस का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है जो चिंता का विषय है। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, धमधा एसडीएम सोनाल डेविड, दुर्ग एसडीएम हरवंश मीरि से फोन पर बात की और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को जानकारी देकर निर्माण कार्य करें और आज के तिथि में जो उचित मुआवजा बन रहा है, उसको तत्काल प्रभावित किसानों को प्रदान करें। विधायक चंद्राकर ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है और वे इस मामले में कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाए और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस दौरान उत्तम चंद्राकर, नंदकुमार यादव, परमानंद केशव देशमुख, देवेंद्र कुमार साहू, इंद्रजीत साहू, भुवन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर महिलाओं के सम्मान से सशक्तिकरण

# स्वयं का व्यापार और उद्योग स्थापित करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की दिशा में महिला चेम्बर भिलाई द्वारा सीए भवन सिविक सेंटर में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिला स्वावलंबन गौरव सम्मान से उन

- महिला चेंबर भिलाई का सिविक सेंटर में आयोजन

महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने स्वयं के व्यापार या उद्योग की स्थापना कर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है।

महिला स्वालंबन गौरव सम्मान से जया यादव, चित्ररेखा, पद्मा गजभिए, बैंजु गुप्ता व श्रद्धा अग्रवाल को समानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनोजे ने कहा कि आज की महिला केवल गृहिणी तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, उद्योग और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी सशक्त भूमिका निभा रही है। सम्मानित महिलाओं ने अपने संघर्ष, मेहनत और सफलता की प्रेरक कहानियां साझा कीं, जिससे उपस्थित महिलाओं और युवतियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। महामंत्री सविता शर्मा ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य उन महिलाओं को मंच देना है, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद साहस, आत्मविश्वास और परिश्रम से अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वर्णीका शर्मा अध्यक्ष बल संरक्षण आयोग ने कहा कि आत्मनिर्भर महिलाएं विकसित भारत का आधार बनेगी। विशेष अतिथि के रूप में मनीष पांडेजी, आशा दीदी, स्वीटी कौशिक, डॉ. मानसी गुलाटी व पायल जैन आदि उपस्थित थी।

### अनुसूचित जाति वर्ग को पीएम-अजय योजना के तहत मिलेगा ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अभ्युदय पीएम-अजय योजना के तहत जो हितग्राही अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें बैंकों के माध्यम से न्यूनतम 1 लाख के ऋण की स्वीकृति पर 50 हजार या ऋण राशि का 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति मर्यादित दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसायों जैसे किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सेलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैन्सी स्टोर, मोटर मैकेनिक, सायकिल मरम्मत, टीवी-रेडियो-मोबाइल रिपेयरिंग, वाइंडिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं फुटकर उद्योग सहित स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य व्यवसायों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज की बैठक व पारिवारिक मिलन 8 फ़रवरी को



**दुर्ग।** ठेठवार यादव समाज दुर्ग की तिमाही बैठक हनुमान मंदिर मोती पारा हुआ। बैठक में वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा की गई। ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज में 112 गांव व दुर्ग नगर भिलाई नगर आते हैं, जिसमे हर वर्ष अलग अलग गांव में किया जाता है। इस वर्ष सभी पदाधिकारियों ने सर्व समति से राज बैठक 8 फरवरी को ग्राम चंदखुरी में कराए जाने पर सहमति जताई। जिसमे पारिवारिक मिलन, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामाजिक जनप्रतिनिधि मंत्री, जिला पंचायत, जनपद, सरपंच, पार्षद के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक मे ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज के पदाधिकारी व पंचो द्वारा दुर्ग राज के सभी 112 गाँव व भिलाई नगर व दुर्ग में यादव ठेठवार समाज के घरों मे आमंत्रित कर आयोजन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष राजकुमार यादव, संरक्षक नंदझरोखा यादव, सचिव हरिशंकर यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, कोषाध्यक्ष जनक यादव, राज महतो सुभाषचंद्र यादव, सहसचिव जगन्नाथ यादव, हर प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### महिला कबड्डी, खो-खो एवं मैराथन स्पर्धा आज

**अंडा।** शहीद वीर भगतसिंह खेल क्लब आलबरस एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आलबरस में राज्य स्तरीय महिला कबड्डी, खो-खो एवं मैराथन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह खेल महोत्सव 30 दिसंबर मंगलवार को आयोजित होगा, जिसमें प्रदेशभर से महिला एवं पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिता को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और आयोजन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। महिला और पुरुष वर्ग की विजेता टीमों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समिति ने खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों एवं आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह प्रतियोगिता न केवल खेलों को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगी। यह जानकारी सरपंच भुवन लाल देशमुख व पंचायत सचिव शेष नारायण ने दी।

### राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन 9 से

**अंडा।** गुरेदा में शुभम लाभम मानस प्रचार समिति और समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य स्वर मानसगान सम्मेलन दिनांक 9, 10 और 11 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य स्तर के विभिन्न जिलों से अनेक ख्यातिलब्ध मानस मंडलियों की प्रस्तुति शुभम लाभम मानस मंच गुरेदा में होगी। साथ ही 6 जनवरी दिन मंगलवार को गुरेदा में बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्राम मंडई का आयोजन होगा, जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी राधा कृष्ण लोक सांस्कृतिक नाच पार्टी दुर्रे बंजारी छुरिया की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी। यह जानकारी सिया के राम मानस परिवार गुरेदा के लेखराम कुम्भकार ने दी।

### 21 हितग्राहियों को आवास का लाभ मिला

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत जरूरतमंदो को आवास आबंटित किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में खुली लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाटरी कार्यक्रम में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह उपस्थित रहे।

निगम क्षेत्र के निवासरत नागरिकों से नियमानुसार दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कराया गया था। सक्षम स्वीकृति पश्चात हितग्राहियों से आवास का कुल 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया है। कुल 21 हितग्राहियों को खुली लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, युक्ति देवांगन, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भक्ति, उल्लास और मंगल गीतों से गूंजा कथा स्थल

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजन व रुक्मिणि विवाह पर जमकर थिरके भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बस स्टैण्ड बस्ती रोड गांधी नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत कृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजन एवं रात्रिकालीन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी मंगल विवाह का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। कथा के कथावाचक पं. डॉ. दिग्विजय शर्मा ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की लीलाएं भक्तों के हृदय में प्रेम, आनंद और भक्ति का संचार करती हैं। उन्होंने गोवर्धन पूजन प्रसंग के माध्यम से अहंकार त्यागकर ईश्वर की शरण में जाने का संदेश दिया।

कथाव्यास ने कहा कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक के घर रुक्मणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान कृष्ण को चाहती थी। उन्होंने बचपन से ही कृष्ण को पति के रूप में हृदय में बसा लिया था, लेकिन उसका भाई राजा शिशुपाल से विवाह कराना चाहता था। रुक्मणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। इसलिए शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता-जाता था। रुक्मणी ने उस ब्राह्मंण से कहा कि मैं श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हूं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। रुक्मणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया। उन्होंने कहा कि मैं प्रतिदिन मां पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हूं। आप मुझे यहां से ले जाओ। मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। चाहें सौ जन्म लेने पड़े।





### कृष्ण-रुक्मिणि के मंगल विवाह ने किया भाव विभोर

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी मंगल विवाह के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। विवाह प्रसंग के दौरान मंगल गीत, शंखनाद और जयकारों से पूरा कथा स्थल गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी का स्वागत किया। इस अवसर पर परायणकर्ता पं. सत्यम शर्मा द्वारा विधिवत शास्त्रोच्चारण एवं भागवत पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे।

## जीवन के अंतिम सांस तक मानव सेवा जारी रहेगा : डॉ. एनएल बंजारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनएल बंजारे को सेवानिवृत होने पर पूरे स्टॉप ने मिलकर डॉ. बंजारे की विदाई दी गई।

इसमें प्रमुख रूप से डॉ. ज्योति ध्रुव, डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. अर्जुन सिंह बंजारे, डॉ. साक्षी ठाकुर, डॉ. खुशबू यादव, डॉ. राजीव भागर, डॉ. अजय यादव सहित स्टॉप सम्मिलित रहे, जिसमें दीप प्रज्वलित कर सम्मान कार्यक्रम हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर डॉ बंजारे को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति ध्रुव ने कहा कि उनके स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की गई। वही उनके कार्यों को बताते हुए की दूसरों के लिए किया गया बेहतर कार्य ही आपको इस दुनिया में सबसे अलग बनाता हैं।

वहीं डॉ. बंजारे के बारे बताते हुए कहा कि सभी क्षेत्र व मरीज के प्रति उनके सेवाभाव को अन्य चिकित्सकों के लिए अनुकरणीय बताया। वहीं निकुम हॉस्पिटल सहित पूरे क्षेत्र मे समय के साथ बदलाव स्टॉप मैनेजमेंट को बेहतर बताया। इस अवसर पर समाज सेवक व पूर्व सरपंच भोथली सुरेश

■ सीएचसी निकुम में डॉ. बंजारे को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

साहू ने पुष्प गुच्छ व साल श्रीफल देकर सेवानिवृत हो रहे डॉ. बंजारे को विदाई देते हुए सम्मानित करते हुए कहा कि डॉ. बंजारे की संवेदनशीलता, सजगता, व कड़ी मेहनत से निकुम अस्पताल को नई पहचान व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिली, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा, सुविधा व समय पर इलाज मिलने के क्षण को हमेशा याद रखेंगे। डॉ. एनएल बंजारे ने कहा जीवन के अंतिम सांस तक मानव सेवा जारी रहेगा।

## चौका आरती के बाद पंथी नृत्य जैतखाम में चढ़ाया गया पालो

**उतई।** नगर पंचायत उतई के बाजार चौक स्थित गुरु घासीदास गुरूद्वारा सेवा समिति में गुरु घासीदास का जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम दोपहर 12 बजे पंडित टीकम बांधे द्वारा चौका आरती की गई। इसके बाद शाम तीन बजे महिला सत्संग पंथी दल सेक्टर 6 भिलाई के द्वारा सुंदर पंथी नृत्य प्रस्तुत करते हुए जैतखाम पर मुख्य अतिथि बीएल कुर्रे द्वारा पालो चढ़ाया गया। मंच संचालन दिवाकर गायकवाड़ पूर्व अध्यक्ष गुरु घासीदास गुरुद्वारा सेवा समिति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरस्वती नरेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत उतई, झमित गायकवाड़ जनपद सदस्य, खोरबाहरा टंडन पूर्व अध्यक्ष घासीदास गुरुद्वारा सेवा समिति, लता सोनवानी पार्षद, रामशीला धनंजय नेताम पार्षद, विजयलक्ष्मी साहू पार्षद, संगीता रजक पार्षद, सुनीता गौतम चंद्राकर पार्षद, गोवर्धन बारले पूर्व सरपंच घुंघसीडीह, डिकेंद्र हिरवानी पूर्व अध्यक्ष नपं उतई, डॉ. प्रहलाद वर्मा पूर्व पार्षद सहित अन्य मौजूद थे।



### मनाई घासीदास जयंती

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विस के नगर पंचायत उतई में बाजार चौक स्थित गुरू घासीदास गुरूद्वारा सेवा समिति में गुरु घासीदास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम दोपहर 12 बजे पंडित टीकम बांधे द्वारा चौका आरती हुआ उसके बाद शाम तीन बजे महिला सत्संग पंथी दल सेक्टर 6 भिलाई के द्वारा सुंदर पंथी नृत्य प्रस्तुत करते हुए जैतखाम पर मुख्य अतिथि बीएल कुर्रे द्वारा पालो चढ़ाया गया।

### छात्राओं ने दी पंथी नृत्य की प्रस्तुति



**कुम्हारी।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, कुम्हारी में बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती एवं महान गणितज्ञ रामानुजन की 138 वीं जयंती अत्यंत गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुम्हारी की अध्यक्ष मीना वर्मा थीं। अध्यक्षता डॉ. मोहन आनंद संरक्षक, प्रेस क्लब कुम्हारी ने की। कक्षा 11वीं की छात्राओं ने गणेश वंदना पर उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया। बाबा घासीदास के सम्मान में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'पंथी नृत्य' मुख्य आकर्षण रहा। संचालन सुगंधा अभिजीत जोग (आचार्या) ने किया।

## धमधा में हिन्दू सम्मेलन, रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा खण्ड में सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में विशाल हिन्दू सम्मेलन 2025 का आयोजन रविवार, 28 दिसंबर 2025 को श्री त्रिमूर्ति महामाया मंदिर प्रांगण में

■ कार्यक्रम संयोजक सामर्थ सिंह ताम्रकार ने जताया आभार

अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति का जागरण, हिन्दू समाज का संगठन तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई भव्य मोटरसाइकिल यात्रा से हुई। इसके पश्चात पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर 3:30 बजे से संतों एवं मुख्य वक्ताओं के प्रेरणादायक उद्बोधन प्रारंभ हुए। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम शर्मा ने किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता दुष्यन्त साहू जिला संगठन मंत्री एबीवीपी ने कहा कि विशाल हिन्दू सम्मेलन समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक जागरण एवं हिन्दू समाज के संगठन पर बल देते हुए बताया कि विश्व हिन्दू परिषद सहित विभिन्न संगठन राष्ट्र व समाजहित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्व-परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे पाँच प्रमुख विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मानसी गुलाटी उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे का प्रथम संस्कार माता से ही होता है। उन्होंने विद्या के साथ विनय, वसुधैव कुटुंबकम् की भावना तथा पर्यावरण संरक्षण को सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग बताया और विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति पर शोध के लिए प्रेरित किया। भारत महाराज गौ प्रचारक ने कहा कि गाय को माता कहा जाना हमारे संस्कारों और स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से गौ-सेवा एवं गौ-संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती, भोग-प्रसादी वितरण एवं जयघोष के साथ हुआ। संयोजक सामर्थ सिंह ताम्रकार ने सर्व हिन्दू समाज, सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।



### ग्राम रेंगाकठेरा में गुरु घासीदास की मनाई गई जयंती

# संत बाबा गुरुघासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सतनामी समाज रेंगाकठेरा के तत्वावधान में सदगुरु घासीदास की 269वी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि और जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू थे।

अध्यक्षता ममता राजू मेश्राम सरपंच ने की। विशेष अतिथि राजेश ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, नोमिन ठाकुर सदस्य जिप दुर्ग, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य पाटन, ईश्वरदयाल वर्मा समाजसेवी, राजेंद्र बघेल समाजसेवी, कमलेश नेताम कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, सुलोचना चंदनीहा सरपंच डिडगा, प्रियालता महिपाल, सरपंच औसर, राधेकृष्ण यादव उपसरपंच ने बाबा गुरुघासीदास के तैलचित्र में माल्यार्पण, जोड़ा जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली, समरसता की मंगलकामना की। मुख्य अतिथि अशोक साहू ने कहा कि गुरु घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान के महान विचार के कारण आज मानव समाज में विभिन्न मतावलंबियों के बीच आपसी मतभेद के बदले सौहार्द की भावना बढ़ी है। उनके महान विचारों में चलकर समस्त मानव समाज की सेवा करना ही सच्चे अर्थों में गुरु घासीदास जयंती मनाना सार्थक होगा। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने पंथी गीत की प्रस्तुति देते हुए बताया हमें मानवता, समानता, सत्य, अहिंसा के सिद्धांत पर चलकर आने वाली पीढ़ी को संदेश देने की आवश्यकता है। समाजसेवी राजेंद्र बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत पांच वर्षों तक बाबा जी सिद्धांतों को आधार मानते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा की।

वर्तमान में कई ढोंगी बाबा छत्तीसगढ़ को लूटकर कटोरा पकड़ाने की रीति पर चल रही है,ऐसे साधु सन्यासी बाबा से सावधान रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में पंथी गीत एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ी भावलोक नृत्य रिकार्डिंग डान्स परिवार दौना भानपूरी बालोद की अनुपम प्रस्तुति दी। जयंती समारोह में संतोष पटेल पूर्व सरपंच,तेजराम साहू, कमलेश वर्मा, दीनदयाल बांधे, दयालु बांधे, उदयकरण बिजौरा, मुकेश वर्मा, गोपी बांधे, अंकेश महिपाल, भेदप्रकाश वर्मा, बृजलाल चंदनिहा, भूपेंद्र बांधे, शत्रुहन चतुर्वेदी, बोधन बांधे, पवन चतुर्वेदी, डुमन राम, ईश्वर, भूषण, अशोक, मानसिंह, भोज, गौकरण, परमानंद, संतोष, रवि, बुधारू, रमेश, मिलेश चतुर्वेदी, टाकेश, केवल, लालचंद, योगेश बांधे सहित अन्य उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### रामायण संस्कारित, मर्यादित जीवन का पाठ, जिसे हमें आत्मसात करना चाहिए



**जामगांव आर।** निपानी मे चार दिवसीय मानस महोत्सव शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा की आधुनिकता के दौर में मोबाइल की लत से युवा और बच्चे संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। छोटी-छोटी बात पर माता-पिता से झगड़ना, जिद में घर छोड़ने जैसी बुराइयां पनप रही हैं। कल्पना साहू ने कहा की रामायण प्रतियोगिता के जरिए बच्चों में संस्कार के बीज डाल रहे हैं, ताकि आगे चलकर वह संस्कारवान बन सकें। साहू ने आने वाली पीढ़ी को रामायण के प्रसंगों के माध्यम से संस्कारवान बनाने का संकल्प लिया था। इसके लिए वह जनवरी में रामायण पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। इसमें बच्चों से रामायण से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। मानस महोत्सव में उपस्थित कल्पना नारद साहू के साथ नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, मेहत्तरराम वर्मा अध्यक्ष मानस संघ दुर्ग, रवि सिन्हा सभापति जनपद पंचायत पाटन,उमाशंकर शुक्ला, टेकेन्द्र सिन्हा,संतोष रघुवंशी, अभिषेक सेन मंचासिन रहे।

### सेलूद में 31 को निकलेगी शोभायात्रा हनुमान चालीसा का होगा सामूहिक पाठ



**सेलूद।** अयोध्या में प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर सेलूद में 31 दिसम्बर को कलश यात्रा निकलेगी। राम जानकी मंदिर से शोभायात्रा प्रारम्भ होकर बजरंग चौक के मंदिर प्रांगण में सामूहिक आरती पूजा के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। साथ ही महाप्रसादी का भी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की भव्यता के लिए रोज सुबह प्रभातफेरी के माध्यम से गांव का वातावरण राममय किया जा रहा है। हर वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम सर्व समाज बढ़चढ़कर उपस्थिति प्रदान करते हैं। माता बहनों के द्वारा सिर अलर कलश धारण करके परिवार और ग्राम के सुख शांति, समृद्धि के लिए मंगलकामना करते है। प्रभातफेरी में ग्राम के पूर्व सरपंच खेमिन साहू, ग्राम प्रमुख सुरेंद्र बंछोर, रमेश देवांगन अध्यक्ष सेजेस, टामन लाल साहू प्राधिकृत सोसायटी, कृष्ण कुमार महामंत्री, महेश्वर बंछोर, अशोक यादव, जयन्त साहू, उमेश सिन्हा, कौशल बनपेला, अनिल बनपेला, रोमन वैष्णव, दिनेश बरहरे, अमरचंद साहू, लाभचंद जैन, गेंदलाल बंछोर, नरोत्तम साहू, सीताराम यादव, नरसिंग देवांगन, लक्ष्मण वर्मा, ठाकुर राम साहू, मन्नू साहू, नरेश साहू, लोकनाथ साहू, कृष्णा साहू, प्रकाश साहू, ललिता वर्मा, पीताम्बरी साहू, ललिता बनपेला, सुनीता ठाकुर, भोज साहू, शैल साहू, अनिता देवांगन, मीणा कश्यप, रूखमणी सेन, राजेश्वरी साहू, आशा वर्मा, धारिणी जैन सहित ग्रामीणजन शामिल हो रहे हैं।

### चिंगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का सुना गया 129वां एपिसोड



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा, निकुम मंडल भाजपा अंतर्गत शक्तिकेंद्र अछोटी के ग्राम चिंगरी में यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 129वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को दिए गए प्रेरणादायी संदेशों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में आशा सुरेश साहू उपस्थित रहीं। वहीं मन की बात कार्यक्रम के संयोजक सुरेश साहू की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष धनंजय देशमुख सहित अजीत चंद्राकर, लक्ष्मण यादव, साकेत पटेल, अरविंद साहू, तुषार देशमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सामाजिक सहभागिता, राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत एवं जनभागीदारी जैसे विषयों पर दिए गए संदेशों की सराहना की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्रहित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाना रहा, जिसमें सभी की सहभागिता सराहनीय रही।

### तिरगा में मितानिनों का सम्मान जनसेवाओं के लिए जताया आभार




**अंडा।** तिरगा में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा मितानिनों के निस्वार्थ सेवा, समर्पण और ग्रामीण स्वास्थ्य जागरूकता में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच घसिया राम देशमुख एवं उपसरपंच सुखित ढीमर की उपस्थिति में मितानिनों को सम्मान पत्र/शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सरपंच देशमुख ने कहा कि मितानिनें गांव में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपसरपंच ढीमर ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मानित किए गए मितानिन, सहभागी जनप्रतिनिधियों में गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### भिलाई निगम में कैमरे खरीदने में अनियमितता, शिकायत

**भिलाई** । भिलाई निगम के जोन-4 में सीसीटीवी कैमरे लगाने में अनियमितताा को लेकर आम आदमी पार्टी ने जनदर्शन में शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि निगम प्रशासन न केवल कैमरों की खरीद में हुए अनियमितता कर रहा है, बल्कि इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आप के प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में कहा कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी नहीं दी जा रही है।उन्होंने आरटीआई के माध्यम से निगम से पूछा था कि जोन-4 के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए कुल कैमरों में से वर्तमान में कितने चालू स्थिति में हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जानकारी छिपाने का मुख्य कारण यह है कि अधिकांश कैमरे या तो बंद पड़े हैं या केवल कागजों पर ही स्थापित दिखाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पहले भी कई बार कैमरे चालू कराने के लिए निगम में शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया है कि जो कैमरे बाजार में 15 हजार से 25 हजार रुपए में उपलब्ध है, उसे निगम ने 2,96,997 रुपए की दर से खरीदा है। वहीं अन्य सामग्री 4,500 रुपए के बुलेट कैमरे के लिए 11,013 रुपए और करीब 18,000 रुपए के टीवी के लिए 45,500 रुपए का भुगतान किया गया है।

### होटल की आड़ में अश्लीलता, शिकायत

**भिलाई**। होटल के आड़ में शराब और अश्लीलता फैलाने की शिकायत आबकारी विभाग और कुम्हारी थाने में की गई है। बजरंग दल संयोजक पुष्पराज सिंह ने बताया कि कुम्हारी स्थित होटल इंद्रप्रस्थ में अश्लील नृत्य शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही है। ऊपर माले में बार चल रहा है। दीगर राज्यों से डांसर को बुलाकर अश्लील नृत्य भी कराए जा रहे हैं। पुष्पराज सिंह ने स्वयं होटल पहुंचकर घटना की जानकारी ली है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प की ली शपथ

**अंडा**। ग्राम पंचायत आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने ग्राम को बाल विवाह मुक्त बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ ली। शपथ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उपसरपंच डॉ. तुला राम साहू, रोजगार सहायक देवकुमार साहू, पंच पंकज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारे लोहे की धमक



## हाई स्पीड ट्रेन, ऊंचे फ्लाईओवर व युद्धपोत में हो रहा बीएसपी के स्टील का इस्तेमाल

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई । गुजरता साल 2025 बीएसपी के लिए फौलादी उपलब्धियों के साथ हादसे से भी भरा रहा। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाला भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी फौलादी संस्कृति से नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले सात दशक से भिलाई से दिल्ली और दल्ली से लेह तक इस्पात उत्पादन से विकास के साथ सामाजिक सरोकार को घनीभूत कर रहा है। गुजिश्ता साल वर्ष 2025 के लिए भी जहां कई उपलब्धियां दे गया वहीं कई चुनौतियों के साथ दुर्घटनाओं के लिए भी याद किया जाएगा। हर किसी की जिंदगी से जुड़े सेल के सिरमौर बीएसपी ने इस वर्ष हजारों टन खास इस्पात हाई स्पीड ट्रेन के लिए भारतीय रेल के साथ रक्षा और देश के सबसे ऊंचे फ्लाईओवर के लिए भेजा, बल्कि सीएसआर के तहत ट्विनसिटी के परिधीय विकास महती योगदान भी दिया। इस वर्ष इस फौलादी ध्वजवाहक इकाई की सेल के आगामी उत्पादन लक्ष्य के विस्तार का आगाज भी एक उपलब्धि रही। लेकिन प्लांट में हुई आधा दर्जन दुर्घटनाओं में चार मजदूरों की मौत विकास की कीमत के रुप में चुकानी पड़ी। वहीं देश में सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के जारी सिलसिले के तहत स्वप्नदृष्टा पं. नेहरु के इस औद्योगिक तीर्थ के भी चपेट में आने से असंतोष बढ़ता दिखा। इसके खिलाफ सत्तर साल के इस्पाती इतिहास में पहली बार शहर के विधायक को अपनी जान जोखिम में डाल आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा। इस साल फौलादी रंगमंच की फीकी चमक भी रंगकर्मियों को मायूस कर गई।*

### स्वदेशी एयरक्राफ्ट से लेकर गगनचुंबी फ्लाईओवर



फौजियों की तरह फौलाद ढालने वाले हजारों मेहनतकशों वाले बीएसपी ने भी लाखों टन विशेष स्टील आपूर्ति कर देश की रक्षा संसाधनों के निर्माण में महती योगदान दिया। पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत के निर्माण के लिए 30 हजार टन स्पेशल ग्रेड का स्टील नौ सेना को भेजा। पीएम मोदी ने इसे देश को समर्पित किया। बीएसपी प्रबंधन के अनुसार एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वांटर क्राफ्ट आईएनएस आंद्रोत व युद्धपोत विंध्यगिरी व आईएनएस सूरत के लिए क्रमशह 4300 व 4 हजार टन खास स्टील भेजा। 47417 टन स्टील का उपयोग देश रक्षा में सेना के सशस्त्र बलों ने किया। पावन त्रिवेणी संगम प्रयागराज के सदी के सबसे बड़े महाकुंभ 25 में भी सेल बीएसपी की चमक दिखी। 45 हजार टन टेकर्ड प्लेट, हांट स्ट्रिप मिल प्लेट व माइल्ड स्टील एंगल और जाइंट्स की आपूर्ति से लाखों तीर्थथियों को सुविधा हुई। इतना ही नहीं पीएम मोदी द्वारा उदघाटित देश के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का निर्माण भी यहां के फौलाद 5922 टन टीएमटी बार्स, 6454 टन प्लेट्स व 56 टन स्ट्रक्चरल्स सहित 12432 टन वांछित ग्रेड स्टील से किया गया। अटल सेतु में तो 13,000 टीएमटी बार्स और 2080 टन प्लेट्स का उपयोग किया गया। सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण के लिए भी 43 हजार टन स्टील भेजा गया ।

### सामाजिक सरोकार की परंपरा हुई समृद्ध

हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल की हैशटैग यूनिटन बीएसपी सामाजिक सरोकार से भी भिलाई व वनांचल रावघाट माईंससहित आसपास विकास



में अहम भूमिका निभा रहा है। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत इस साल करोड़ों के काम भिलाई व ग्रामीण व आदिवासी इलाकों स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता ग्रामीण विकास व निर्माण और स्वरोजगार शिविर आदि में किए गए। इसके तहत जीआईटीएफ के सहयोग से बीआआईवीवी सेक्टर 7 व सेक्टर 11 में गरीब बच्चों के विद्यालय में मदद की गई। मिड डे मील के अलावा रावघाट के 20 आदिवासी बच्चों को भिलाई नर्सिंग में शिक्षा दिलाई गई। डीएवी अंग्रेजी स्कूल भी 30 आदिवासी बच्चों को 6वीं से 10वीं तक शिक्षा दिलाई। 21 आदिवासी इस्पात ग्राम व खदान क्षेत्र में बफर जोन के गांवों स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों की जांच व दवाएं दी गईं। दल्लीराजहरा में जेएलएन के डाक्टरों ने विशेष शिविर में सैकड़ों की निशुल्क सेवा व दवाईं दीं। इस साल 25 युवाओं को कौशल विकास के तहत सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ प्लास्टिक इंजी. एंड टेक्नो. के माध्यम से लाभान्वित किया गया। नारायणपुर व कांकेर जिला के 60 युवओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया। ग्रामीण विकास में पुरई धनोरा, कुगदा आदि गांवों के सरकारी स्कूलों में डोमशेड, शौचालय व कमरे बनाए गए।

### हाई स्पीड से लेकर बुलेट ट्रेन में योगदान

वर्ष 2025 में सेल और रेल का संगम भी घनीभूत हुआ। हाई स्पीड ट्रेन से लेकर बुलेट ट्रेन के सपने को साकार करने



में दुनिया की सबसे लंबी रेल उत्पादन करने वाले बीएसपी के विशेष स्टील की धमक रही। पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट हाई स्पीड बुलेट ट्रेन परियोजना निर्माण के लिए 16 मिमि ब्यास में 9 मीटर लंबाई में 4 हजार टन टीएमटी बार्स भेजा गया। मिजोरम में बैरामी सैरांग रेलवे प्रोजेक्ट निर्माण के लिए भी 15 हजार मीट्रिक टन उच्च श्रेणी आर-260 प्राइम रेल डिस्पैच किया गया। चैन्नै मेट्रो परियोजना के लिए 21 सौ टन 5 डी ग्रेड स्टील सहित वर्धा यवतमाल आरओबी में 1610 टन प्लेट व कुही परियोजना में 7125 टन स्टील आपूर्ति किया गया। वहीं जोजिला सुरंग परियोजना के लिए जम्मू कश्मीर में 31 हजार टन स्पेशल ग्रेड स्टील का उपयोग हुआ। बीएसपी में नई रेल मिल के निर्माण हो जाने के बाद देश में ट्रेनों की रफ्तार और बढ़ जाएगी बल्कि रेलवे के विस्तार के साथ सफर भी और आरामदायक हो जाएगा।

### निजीकरण के खिलाफ दिखा जन आक्रोश




आजादी के बाद 2 सौ साल की गुलामी से दबे कुचले देश की अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए पं. नेहरु की अगुवाई वाली सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्रो की बुनियाद रखी। देश के चहुंमुखी विकास में महती किरदार निभाने वाले इन उपक्रमों के पिछले कुछ सालो से निजीकरण के सिलसिले के तहत औद्योगिक तीर्थ भिलाई भी हौले हौले चपेट में आने से आक्रोश है। बीसपी के सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग व स्कूलो को निजी हाथों में देन की प्रक्रिया के विरुद्ध भिलाई के इतिहास में पहली बार भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव पांच दिन तक आमरण अनशन पर बैठे। पांचवें दिन 25 24 दिसंबर को कलेक्टर के प्रस्ताव पर बीएसपी ईडी पवन कुमार के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की समझौतावार्ता विधायक के साथ भिलाई होटल में हुई। समझौता बैठक में जेएलएन अस्पताल, मैत्रीबाग व तीन स्कूलो के निजीकरण नहीं करने की मांग प्रबंधन ने मान ली। बाकी चार मांगें दिल्ली बोर्ड पर चर्चा करने की बात प्रबंधन ने कही। आदोलन को यूनियनों, कांग्रेस व बीएसकी कर्मियों व रिटायरों का व्यापक समर्थन मिला। आमरण अनशन में श्री यादव के साथ पार्षद लालचंद वर्मा सहित चार लोग बैठे थे। आँदोलन को यहां पहुंचे प्रदेशभर के कांग्रेस विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों, इंटक, सीटू, एटक, लोइमू, एक्टू, लीज संघर्ष समिति सहित विभिन्न यूनियनों और सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया। आंदोलन के पांचवें दिन हुई प्रबंधन के साथ समझौता वार्ता में तीन मांगों पर सहमति बनी। जबकि रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने, व्यवसायियों की दुकानों की लीज रजिस्ट्री रेट बढ़ने और हाउस आल स्कीम आदि कई मांगों पर प्रबंधन ने असहमति दिखाते हुए सेल बोर्ड चर्चा करने बाद जवाब का आश्वासन दिया।



### सेल के 35 एमटीपी उत्पादन लक्ष्य में होगी बीएसपी की बड़ी भूमिका


सेल के आने वाले वर्षो में उत्पादन लक्ष्य को पूर्ण करने में अगुवा बीएसपी फिर बड़ी भूमिका के लिए तैयार हो रहा है। इसकी बुनियाद 025 में डालने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि. का वर्ष 2030 तक उत्पादन बढ़ाकर 35 एमएलटीपीए( मिलियन टन पर ईयर) का लक्ष्य है। अपनी रेल और प्लेट उत्पादों के लिए जाने जाने वाला बीएसपी का वर्तमान में उत्पादन क्षमता 7 मिलियन टन है जिसमें वह अभी 6.7 मिएल कर रहा है। सेल के आगामी उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने सेल के लिए सेल के इस सबसे बड़े प्लांट की विस्तार व आधुनिकीकरण परियोजना एक्सपांशन प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इसकी शुरुआत बीएसपी में नई रेल मिल के निर्माण का प्रक्रिया शुरु हो गई है। सेल प्रबंधन के अपूअलके बाद सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश ने पांच माह पूर्व इसका ऐलान किया था।

### 2025 में भी जारी रहा हादसों का सिलसिला

वर्ष 2025 में बीएसपी में दुर्घटनाओं का सिलसिला भी जारी रहा। अग्नि हादसों के अलावा हुई दुर्घटनाओं में चार ठेका



मजदूरों की मौत हुई और कुछ हताहत भी हुए। 31 जनवरी को मर्चेंट मिल शिपिंग में क्रेन से हैंडलिंग के दौरान बंडल के नीचे आने से ठेका श्रमिक ओमप्रकाश का फैटल हो गया और 15 नवंबर एसएमएस 2 कनवर्टर शॉप के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग से एक ठेका मजदूर देवेंद्र चंद्राकर के नीचे गिरने से मौत हुई। 5 दिसंबर को ओएचपी में एक महिला ठेका कर्मी पुष्पा साहू के सिर पर का पाइप गिरने से फैटल हो गया व 19 नवंबर को एसपी 3 में एक ठेका कर्मी हर्षवर्धन का हायवा की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। 12 दिसंबर को पीबीएस 2 में भीषण आग लग जाने से ब्लास्ट फर्नेस 8 के कई उपकरण और ट्विटर जल गए इससे उत्पादन ठप हो गया। अलावा 6 जनवरी को ब्लास्ट फर्नेस 5 के नीचे 12 से 15 मी फर्नेस वाल फट गया,8 जनवरी को यूआरएम में धमाका व आग, उत्पादन ठप्प हो गया। 4 फरवरी को कोक ओवन कर्मचारी रामफल पूरना का सड़क दुर्घटना में पैर कट गया व. 19 मार्च प्लेट मिल में ठेका कर्मी लक्ष्मण प्रसाद के कंधे पर क्रेन का स्प्रिंग टूट कर गिरा गंभीर चोट लग गई ।



कंटेंट : विमल शंकर झा, फोटो : संजय पांडेय, डिजाइनर : प्रकाश दास मानिकपुरी, किशोर

# नहीं रहे मेहनतकशों के कवि नासिर अहमद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अपने अल्हदा अंदाज में मेहनतकशों के पसीने और मानवीय संवेदनाओं में पगी कविताओं को स्वर देने वाले वरिष्ठ चिरपरिचित कवि नासिर अहमद सिकंदर अहमद सिकंदर नहीं रहे। उनका सोमवार को हृदयाघात से देहांत हो गया । उनके आकस्मिक इंतकाल से ट्विनसिटी के साहित्यिक बिरादरी में शोक की लहर दौड़ गई। उन्हें देर शाम रामनगर कब्रिस्तान में सुपुर्देद खाक किया गया। साहित्यकारों ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। अपनी नई कविताओं की तरह सहज व सरल व्यक्तित्व धनी नासिर अहम चार दशकों से ट्विनसिटी ही नहीं बल्कि देश के नई कविता आंदोलन के प्रतिनिधि हस्ताक्ष थे।



- दुर्ग-भिलाई के साहित्यकारों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नौवें दशक के कवियों में शरद कोकास, कमलेश्वर मांझी अनंत परमेश्वर वैष्णव व पथिक तारक शुमार थे। मोगरा-76,ब्लॉक-बी, तालपुरी निवासी नासिर भले ही शहरोज व शगुफ्ता के पिता थे लेकिन नई नस्ल के बच्चों के लिए भी वे कवितागोई में उत्साही पालक की तहर थे। उनकी प्रकाशित 6 किताबों में 4कविता संग्रह और दो गद्य संग्रह हैं। 15 जून 1961 में प्रख्यात कवि केदारनाध अग्रवाल के पैतृक गां में पैदा होने का असर उनके जनवाद पर पड़ा। मरहूम नासिर के साया हुई कृतियों में जो कुछ भी घट रहा है दुनिया में (कविता संग्रह), खोलती है। (काव्य पुस्तिका), इस वक्त मेरा कहा (कविता संग्रह), भूलवश और जानबूझकर (कविता संग्रह), अच्छा आदमी होता है अच्छा (कविता संग्रह), चयनित कविताएं (चयन एवं संपादन सुधीर सक्सेना), कुछ साक्षात्कार (प्रसिद्ध लेखकों से लिए गये साक्षात्कार), बचपन का बाइस्कोप (आलोचनात्मक गद्य), प्रगतिशीलता की पैरवी (आलोचना)। आलेख, समीक्षाएं, रिपोर्ताज, फीचर आदि देश की महत्वपूर्ण पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित। पहल उदभावना आदि पत्रिकाओ में कविताएं प्रकाशित हुईं और हाल ही में कवि संतोष चतुर्वेदी के ब्लाग 'पहली बार में युवा कवियों की कविताओं पर नियमित टिप्पणी चर्चित हुई। कई कवि व वैचारिक गोष्ठियों में तीन दशक से भिलाई दुर्ग के साहित्यकारों में अपनी कविताओं व मोनालिसा मुस्कान से बिखरने वाले बीएसपी से रिटायर नासिर कभी प्रचार के पीछे नहीं भागे । उन्हें प्रथम केदारनाथ अग्रवाल सम्मान, सूत्र सम्मान सहित तीन सम्मान मिले। वेल्लूर से हार्ट के इलाज से लौटे नासिर आज जब मित्र कवि कमलेश्वर सेक्टर नौ अस्पताल चेकअप के लिए जा रहे थे तो दिल का दौरा पड़ा व इसी अस्पताल में ले जाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन को छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि नासिर अहमद श्रम को पूजने वाले और इंसानियत को स्वर देने वाली कवि के साथ एक नेक दिल इंसान थे। छग प्रगतिशील लेखक संघ के प्रांती महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि नासिर अहम के वाकई में आंचलिक कविता संसार के सिंकदर थे। वे नौं वें दशक के चर्चित कवि थे। कवि कमलेश्वर साहू ने कहा कि नासिर भाई का यूं जिंदादिली से हंसते हंसते चले जाना हम सभी को रुला गया। अपनी जनसरोकार की कविताओं से व सैदव याद किए जाएंगे।

## सीटू ने बोरिया गेट पर किया सेलव्यापी प्रदर्शन

# सेल वेतन समझौता अपूर्ण होने से बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर सीटू भिलाई सहित देश के सभी इस्पात उद्योगों में सीटू से संबद्ध यूनियनों ने प्रदर्शन कर सेल प्रबंधन व केंद्र सरकार से मांग किया कि जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाकर वेतन समझौता किया जाए। सुबह 8 से 9 बजे तक बीएसपी के बोरिया गेट पर डीआईस के नाम सीटू ने ज्ञापन ज्ञापन सौंपकर मांगें पूर्ण नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि सेल समझौता पिछले पांच साल से अपूर्ण है। यूनियन के मुताबिक सेंट्रल लेबर कमिश्नर के निर्देश पर प्रबंधन ने खानापूर्ति करने के लिए एन जे सी एस की सब कमेटी की बैठक तो बुला लिया लेकि प्रबंधन का कहना था कि अफॉर्डेबिलिटी क्लाज के कारण एरियर्स नहीं दे सकते हैं । प्रबंधन के कहे अनुसार अब कोई भी मांग लंबित नहीं है इसीलिए इस वेतन समझौता को यहीं पर समाप्त समझिए और 2027 के वेतन समझौते की तैयारी कीजिए।



### एरियर्स के मुद्दे पर एमओयू का हवाला

सीटू ने कहा कि एरियर्स के मुद्दे पर कोर्ट में किसी यूनियन में केस किया है इसीलिए एरियर्स पर बात नहीं हो सकती है जब यूनियन ने तर्कों से उस बात को काट दिया तो लेकिन कहने लगा कि एम ओ यू में एरियर्स के बारे में कुछ भी नहीं लिखा गया है फिर एक बार कह दिया कि मंत्रालय एरियर्स के लिए मंजूरी नहीं दे रहा है तो यूनियन ने मांग किया कि आप मंत्रालय से मंजूरी के लिए जो नोट भेजे थे उसकी कॉपी दे, प्रबंधन ने उस नोट की कॉपी को देने से इनकार कर दिया सीटू का स्पष्ट कहना है कि हमने एम ओ यू पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं एवं एक बार यदि एरियर्स को छोड़ दिया जाए तो प्रबंधन उसे ही उदाहरण बनाकर आने वाले समझौता में भी एरियर्स देने से इंकार कर देगा जो ठीक नहीं है।

### यह हैं कर्मियों की मांगें

1 जनवरी 2017 से प्रभावी वेतन समझौते के सभी लंबित मुद्दों का तत्काल निदान करें, बोनस फार्मूला को रद्ध करते हुए द्विपक्षीय वार्ता बुला कर बोनस फार्मूला पुनर्निधारण व ग्रैच्युटी सीमित करने संबंधित एकतरफा आदेश को निरस्त कर ग्रैच्युटी पर थोपे गए सीमा हटाएं व इंसेंटिव स्कीम पुनर्निर्धारित किया जाए। स्थाई कर्मचारियों के साथ ठेका कर्मचारियों का वेतन समझौता भी किया जाए तथा एस-1 ग्रेड का वेतनमान देय, ठेका कर्मियों के ई एस आई की सीमा 21,000/- से बढ़ाकर 30,000/- किया जाए, को 20% बोनस देना सुनिश्चित किया जाए व आरआईएनएल के कर्मियों के लिए भी वेतन पुनर्निर्धारण बिना किसी शर्त के लागू किया जाए एवं उन्हें तत्काल एरियर्स दिया जाए, सभी कर्मियों को 01/01/2022 से 1 अतिरिक्त इंक्रीमेंट दिया जाए और कर्मचारी वर्ग पर विपरीत प्रभाव डालने वाला नयी श्रम शक्ति नीति 2025 वापस लिया जाए।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी आशीर्वाद लेने पहुंचे



● बजरंग बली की भक्ति से प्रभु श्रीराम और माता सीता सहित तीनों का मिलता है आशीर्वाद

# कलयुग के देवता हैं हनुमान, कथा के अंतिम दिन पं. शास्त्री ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश, नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

**सेवा समर्पण संस्था द्वारा जयंती स्टेडियम मैदान के पास 25 दिसंबर से आयोजित पांच दिवसीय दिव्य हनुमंत कथा के अंतिम दिन सनातन धर्म ध्वजवाहक और अंतरराष्ट्रीय हनुमंत कथा वाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भिलाई-दुर्ग को अद्भुत नगरी बताते कहा कि बजरंग बली की भक्ति के लिए इन पांच दिनों में लाखों भक्तों का समागम हुआ। उन्होंने सभी से धर्म, परमार्थ और राष्ट्र के लिए कार्य करने और नशा मुक्ति का संदेश दिया। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना के लिए लाए हुए लाल कपड़ा और नारियल को लेकर सामूहिक रुप से बागेश्वर पीठ में अर्जी लगाई। कथा के अंतिम दिन आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा।**



## पं. धीरेंद्र शास्त्री ने किया प्रस्थान

**भिलाई।** पांच दिवसीय हनुमंत कथा का समापन गुरुघासी दास बाबा के आरती के साथ हुआ। सोमवार को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान चालीसा में उल्लेखित प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया राम लखन सीता मन बसिया को परिभाषित करते हुए कहा जो लोग कलयुग के देवता हनुमान जी को संकट मोचन के रूप को पूजते है उन्हे बजरंग बली सहित प्रभु राम और माता सीता का भी आशीर्वाद मिलता क्योंकि तीनों उनके हृदय में बसते है। दिव्य हनुमंत कथा के अंतिम दिन सोमवार को प्रवचन स्थल से लेकर सभी तरफ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोग बागेश्वर पीठ में अर्जी लगाने लाल कपड़ा व नारियल लेकर पहुंचे थे, जहां पंडित धीरेंद्र शास्त्री, उनके कष्ट निवारण के लिए संकल्प भी कराया।



### अंतिम दिन पहुंचे दिग्गज

पांच दिवसीय श्री हनुमंत कथा के अंतिम दिन कथा का श्रवण करने और बागेश्वर सरकार का दर्शन करने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब, विधायक अमर अग्रवाल, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, पिंकी ध्रुव, शालिनी राजपूत, सरला कोसरिया सहित अनेक नेता भी पहुंचे थे जहां सभी ने पं धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लिया और कथा के समापन पर गुरुघासी बाबा आरती में शामिल हुए।



### मनखे मनखे एकसमान का दिया संदेश

हनुमंत कथा के समापन दिवस पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आयोजन समिति को समुचित व्यवस्था के लिए बधाई दी। साथ ही बाबा गुरु घासी दास के मनखे मनखे एक समान को चरितार्थ का संदेश देते हुए कहा की हनुमानजी भी श्रीराम के काज के लिए वन में रहने वाले वानर और जीवों को एक कर समानता का उदाहरण दिया था। उन्होंने कहा कि हम सभी सनातनियों को ऊंच-नीच के भेद भाव से ऊपर उठकर और अपने धर्म को मूल मानकर दीन दुखियों की सेवा भाव से मदद करे तो श्रीराम और हनुमान की कृपा उन पर सहजता से होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओ से व्यवसन का त्याग कर नित्य हनुमान चालीसा का पाठ करने व बागेश्वर सरकार का ध्यान करने से मनुष्य का सभी कष्ट दूर होने का संदेश दिया। आयोजन के अंत में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, हनुमंत कथा के संयोजक राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पाण्डेय ने दूर-दराज से पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# भक्त नरसी की लीला का हुआ मंचन अग्रसेन भवन में गूंजा राधे-राधे का नाम

**दुर्ग।** अग्रसेन भवन में वृंदावन के कलाकारों द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भक्त नरसी की लीला का जीवंत मंचन कलाकारों ने प्रस्तुत किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि भवन में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अग्रवाल समाज में बहुत उत्साह है। हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि भगवान भक्त के प्रेम में बंध कर दौड़े चले आते हैं। नरसी जी की भक्ति में भगवान कृष्ण कभी गाड़ीवान बने, कभी सेवक तो कभी रथवान बने। नरसी जी की बेटी के मायरे में भगवान उनके भाई बनकर उनका भात भरकर बेटी का मान



बढ़ाया। सभी लीलाओं का वृंदावन के कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। महिला मंडल की मुख्य कार्यक्रम प्रभारी नीलू रुंगटा, प्रियंका गोयल, ज्योति अग्रवाल, रितु रुंगटा, संगीता अग्रवाल ने बताया कि राधा रानी की नव निधि बनकर मायरा में महिला मंडल द्वारा नानी बाई को बहुत से उपहार प्रदान किया। आज की लीला में सभी भक्त भाव विभोर हो उठे।अंत में राधा कृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के सभी पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, संरक्षक, महिला मंडल, युवा मंडल, यूथ क्लब सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अयोध्या के पीठाधीश्वर स्वामी रामशंकरदास वेदान्ती पहुंचे भिलाई

**भिलाई।** श्रीरामवल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या के पीठाधीश्वर स्वामी रामशंकरदास वेदान्ती का भिलाई आगमन हुआ। इस दौरान वे आचार्य पं. ओमप्रकाश धर द्विवेदी के केम्प-1 भिलाई स्थित निवास पहुंचे।

जिसके बाद स्वामी रामशंकरदास वेदान्ती सुंदर नगर कुरूद निवासी पं.ज्ञानप्रकाश धर द्विवेदी के घर पहुंचे और वहां काफी संख्या में शिष्य उपस्थित थे और के बीच सत्संग दौरा चला। इस अवसर पर शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के वेद विभाग एवं ज्योतिष विभाग के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भी आशीर्वचन लिया। आचार्य पं.अखिलेश धर द्विवेदी व्याख्याता ज्योतिष और आचार्य पं. लीकेश्वर शर्मा व्याख्याता वेद के द्वारा वेद विषयक व ज्योतिष विषयक गूढ़ तथ्यों और वैदिक ज्ञान-विज्ञान के संरक्षण



पर गहन चर्चा भी की गई।

इस कार्यक्रम में मार्कण्डेय तिवारी, श्रीराधारमण चतुर्वेदी, राधा चतुर्वेदी प्राचार्य, विष्णु पाठक, सत्यादेवी जयसवाल, अमित दुबे, प्रमोद पाण्डेय, धर्मेन्द्र यादव, सत्येन्द्र यादव, अभिषेक धर द्विवेदी, ललित धर द्विवेदी, नित्यानंद पाण्डेय, फणीशधर द्विवेदी, अमित धर द्विवेदी सहित अनेक सनातनियों ने सत्संग का लाभ उठाया।

## लाइव इवेंट

### लोधी समाज के 98 युवक-युवतियों ने सुयोग्य जीवनसाथी चुनने दिए परिचय



**भिलाई।** लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई और दुर्ग द्वारा लोधी भवन कोहका भिलाई में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 98 युवक-युवतियों ने सुयोग्य जीवनसाथी चुनने के लिए नामांकन किया। जिसमें आधे से ज्यादा युवक-युवतियों ने मंच में स्वयं उपस्थित होकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश से समाज के युवक युवतियों सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोधी समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, लोधी समाज के राष्ट्रीय सचिव मूलचंद लोधी, छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के पूर्व महामंत्री रमेश पटेल, महेश वर्मा पार्षद एवं संगठन प्रभारी जिला कवर्धा, पूर्व महापौर नगर निगम भिलाई नीता लोधी, लालचंद वर्मा एमआईसी सदस्य नगर निगम भिलाई, सावित्री दमाहे पार्षद नगर निगम दुर्ग, समाज के संरक्षक उत्तम वर्मा एवं रोहित जंघेल, लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तम चंदेल, उपाध्यक्ष विशाल राम वर्मा, राजेश जंघेल महासचिव, रामावतार चंदेल कोषाध्यक्ष, मनीराम वर्मा अंकेक्षक, कार्यकारी सदस्य अलख राम, अशोक कुमार वर्मा, रमेश वर्मा, सुरेश वर्मा, नरेश जंघेल, इकाई अध्यक्ष में ऋतु कुमार महीकवार, कल्याण सिंह राजपूत, संतोष वर्मा, पुरुषोत्तम नागपुरे, इंद्रजीत सिंह वर्मा, दीपक जंघेल, गणेश कुमार वर्मा, राजेंद्र जंघेल,किशन वर्मा, द्वारिका जंघेल, फतेह लाल जंघेल, संतोष जंघेल, सरजू राम कौशिक, जतन दमाहे, पुष्पा जंघेल, प्रमुख व्यक्तियों में तुकाराम वर्मा, हेमू कौशिक, राजेंद्र वर्मा, पंचूराम जंघेल, सुखचरण जंघेल, लक्ष्मी जंघेल सहित विभिन्न इकाई के पदाधिकारी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामावतार चंदेल और राजेश जंघेल द्वारा किया गया।




## सिटी इवेंट

### पारंपरिक युद्धकला लाठी का प्रशिक्षण युवाओं को भी बना रहे हैं संस्कारिक



**भिलाई।** लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन और जीवनदान सेवा संस्था छत्तीसगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से समाज में एक नई शुरुआत की गई। इस पहल का आयोजन युवाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा में सक्षम बनाने, युवाओं को शारीरिक व बौद्धिक रूप से सशक्त करने और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था। दोनों संस्थाएं ग्राउंड लेवल पर निरंतर कार्य करते हुए युवाओं को खेल के माध्यम से प्रशिक्षित कर रही हैं, ताकि वे न केवल आत्मनिर्भर बनें बल्कि देश और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें। लाठी जैसी पारंपरिक भारतीय युद्धकला एवं खेल विधा के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, साहस और नेतृत्व क्षमता का विकास किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि संयुक्त टीम का संकल्प है कि खेल जगत के माध्यम से देश के युवाओं को विश्व पटल के मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाने के साथ ही उनके जीवन में अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेंदारी की भावना को मजबूत करना है। लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन और जीवनदान सेवा संस्था छत्तीसगढ़ आने वाले समय में प्रदेश एवं देशभर में इस अभियान का विस्तार कर अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रहे है। संयुक्त अभियान में लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन इंडिया के प्रेसिडेंट प्रतीक अग्रवाल, लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट अरविंद सिंह खुराना, वर्किंग प्रेसिडेंट मनमीत सिंह चावला, जनरल सेक्रेटरी संदीप ताम्रकर और जीवनदान सेवा संस्था छग के प्रेसिडेंट महेंद्र लाल जांघेल, वर्किंग प्रेसिडेंट हरीश भानुशाली और जनरल सेक्रेटरी योगेश्वर मानिकपुरी ने सहभागिता दी।

- युवाओं के शारीरिक-बौद्धिक विकास एवं नशामुक्त समाज हेतु संयुक्त आत्मरक्षा अभियान



## दिल्ली पब्लिक स्कूल में इनोवेटिव टीचिंग स्ट्रेटजी पर दो दिवसीय कार्यशाला

# शिक्षकों को शिक्षण नवाचारों, आधुनिक, रचनात्मक व सहभागितापूर्ण शिक्षण विधियों से कराया अवगत

कार्नर न्यूज

**दुर्ग। दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में 26 और 27 दिसंबर को प्रख्यात शिक्षाविद तथा शिक्षक-प्रशिक्षक रूपम साह के मार्गदर्शन में इनोवेटिव टीचिंग स्ट्रेटजी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षण-नवाचार और शिक्षक-क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अनुभव रखने वाली रूपम साह को देश के प्रख्यात विद्यालयों के हजारों शिक्षकों एवं प्राचार्यों को प्रशिक्षित करने का अनुभव प्राप्त है। वे कैंब्रिज एवं सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त रिसोर्स पर्सन हैं और देशभर में छात्र-केंद्रित शिक्षण एवं शिक्षण नवाचार के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।**



### लर्निंग, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग पर मार्गदर्शन

इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण नवाचारों से अवगत कराना और आधुनिक, रचनात्मक व सहभागितापूर्ण शिक्षण विधियों से परिचित कराना था, ताकि कक्षा-शिक्षण को अधिक प्रभावी, रुचिपूर्ण एवं जीवंत बनाया जा सके। वक्ता रूपम साह ने अपने विभिन्न सत्रों में एक्टिव लर्निंग, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग तथा कक्षा में तकनीक के सार्थक उपयोग पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विविध गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को कक्षा-शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं रुचिपूर्ण बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। विद्यालय की निदेशिका पुनीता नेहरू ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं निरंतर आयोजित की जाती रहेंगी, ताकि शिक्षकों का कौशल विकास हो सके तथा कक्षा-शिक्षण और अधिक प्रभावी, रुचिपूर्ण एवं जीवंत बनाया जा सके।



**सिटी इवेंट**

## सत्ता के नहीं, सत्य के साधक थे डॉ. रामविलास वेदान्ती



**दुर्ग।** ब्रह्मऋषि वेदांती सेवा मंडल दुर्ग-भिलाई द्वारा बाफना मंगलम दुर्ग में श्रद्धांजलि सभा और सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग महापौर अल्का बघमार , केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। महाराज की कथा दुर्ग शहर के पद्मनापुर मैदान, विद्युत नगर, जवाहर नगर, हुडको भिलाई और विशाल हिंदू सम्मेलन आर्य नगर में होने के कारण वेदांती महाराज को जानने वाले लोगों की बहुत बड़ी संख्या इस क्षेत्र में है।

ब्रह्मऋषि वेदांती सेवा मंडल दुर्ग-भिलाई के संयोजक अजय तिवारी ने बताया कि श्रीमद् वाल्मीकीयरामायण के वैदुष्यपूर्ण व्याख्याता, सनातन धर्म के ओजस्वी प्रवक्ता, राजनीति और राष्ट्रचिंतन के प्रखर स्वर, पूर्व सांसद तथा श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के सशक्त स्तम्भ रहे डॉ. रामविलास वेदान्ती महाराज का निधन समस्त राष्ट्र, रामभक्त समुदाय के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी पूर्ति किसी भी कालखंड में संभव नहीं प्रतीत होती। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि डॉ. रामविलास वेदान्ती महाराज का जीवन श्रीरामकथा की जीवंत व्याख्या था। वे केवल शास्त्रों के ज्ञाता ही नहीं, अपितु शास्त्रानुकूल जीवन जीने वाले महापुरुष थे। श्रीमद्वाल्मीकीयरामायण पर उनकी व्याख्या में जहां एक ओर वेद-वेदान्त की गूढ़ता का प्रकाश था, वहीं दूसरी ओर जनसामान्य के हृदय को स्पर्श करने वाली सरसता और भावप्रवणता भी थी। उनके वचन केवल श्रवण के विषय नहीं थे, अपितु आत्मबोध और राष्ट्रबोध की प्रेरणा देने वाले सूत्र थे। वे रामकथा को केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-मूल्यों, मर्यादा, कर्तव्य और राष्ट्रधर्म का जीवंत घोष मानते थे। श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में उनकी भूमिका ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय रही। उन्होंने इस आंदोलन को केवल एक धार्मिक संघर्ष न मानकर, भारत की सांस्कृतिक आत्मा की पुनर्स्थापना का अभियान घोषित किया। अयोध्या की पावन भूमि पर उन्होंने वर्षों तक तप, त्याग और संघर्ष का वरण किया। राजनीतिक क्षेत्र में भी वेदान्ती जी महाराज का व्यक्तित्व उतना ही तेजस्वी था। पूर्व सांसद के रूप में उन्होंने संसद के मंच से भी राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की निर्भीक वाणी को प्रतिष्ठित किया। वे सत्ता के नहीं, सत्य के साधक थे। राजनीति उनके लिए साध्य नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का साधन थी। उनकी स्पष्टवादिता, वैचारिक दृढ़ता और निर्भय अभिव्यक्ति ने उन्हें एक विशिष्ट स्थान प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के मंत्री जितेंद्र वर्मा, भाजपा नेता अजय तिवारी, नरसिंह भूतडा, विजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



**धर्म लाइव**

## येसुदास को किया याद गूंजे भूले बिसरे नगमे



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा पार्श्व गायक येसुदास को समर्पित येसुदास नाईट संगीत संध्या का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में बीएसपी कर्मी व गायक पीटी उल्लास कुमार ने येसुदास के सुरीले गीतों से समां । संगतकर्ता कलकारों में केएल बालासुब्रमण्यम, साईं चक्रवर्ती, रविंद्र कर्माकर, राजेश समुंदरे, आशुतोष लांजेवार, सतेंद्र सोनवानी तथा देबब्रत मजूमदार ने मधुर वादन प्रस्तुत किया। अंजली शुक्ला तिवारी व गौतमी चक्रवर्ती ने भी सुरीली प्रस्तुति दी।

- कलामंदिर में जुटे कलाकार

कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, सीजीएम संदीप माथुर, महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास, ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद समन्वयक प्रभंजय चतुर्वेदी, दुष्यंत हरमुख, दीपांकर दास एवं विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सुप्रियो सेन द्वारा किया गया।

## आकर्षण का केंद्र बनी हांथा के कलाकारों की प्रदर्शनी



**भिलाई।** बीएसपी के जनसंपर्क व आर्ट्स क्लब द्वारा संचालित नेहरु आर्ट गैलरी में छग प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप सीजीपीएजी से जुड़े हांथा के प्रतिनिधि कलाकारों के कलाकृतियों की प्रदर्शनी का उदघाटन सोमवार को मुख्य अतिथि बीएसपी के जीएम व गैलरी से तीन दशक से खासे जुड़े रहे प्रशांत दिवारी ने सपत्नीक किया। कलाकृतियों कलाकारों व साहित्यि प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ चित्रकारों के साथ बीएसपी के एजीएम जवाहर वाजपेयी, अपर्णा चंद्रा, उप प्रबंधक शालिनीचौरसिया, तरसेम सिंह व आर्ट्स क्लब के महेश चतुर्वेदी सहित अनेक कलाप्रेमी व अधिकारी उपस्थित थे।

**● जिला साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव हुए शामिल**

# साहू समाज में बढ़ता अंतरजातीय विवाह चिंताजनक, शपथ ग्रहण और परिचय सम्मेलन में दिखी समाज की ताकत

**भिलाई।** दुर्ग जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह कोलिहापुरी, दुर्ग और और जिला साहू संघ भिलाई नगर का अग्रसेन भवन सेक्टर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मा माता की आरती के साथ हुई। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू उपस्थित थे।

इस दौरान कर्मा जयंती और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। हनोदा में शासन द्वारा सामाजिक भवन के लिए 2. 32 एकर भूमि शासन द्वारा आबंटित किया गया। इस दौरान बताया गया कि संभाग स्तर पर ताराचंद साहू जयंती समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख चुनाव अधिकारी जे. पी. साहू, देवेंद्र साहू, पी आर सार्वा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला साहू संघ के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू, मंजू साहू, संगठन सचिव रामशंकर साहू एवं सविता साहू मनोनीत पदाधिकारियों में महासचिव राकेश साहू, अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू, अंकेक्षक लाल सिंग साहू सहित सभी को प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने शपथ ग्रहण कराया। साथ ही दुर्ग शहर, धमधा, अहिवारा तहसील के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष नंदलाल साहू ने पिछले 3 वर्षों से किये जा रहे सभी सामाजिक कार्यों के बारे में बताया।



### हजारों पदधिकारियों की नियुक्ति होगी : डॉ. नीरेन्द्र साहू

प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को समाज के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि संगठन में हर परिक्षेत्र में 50-50 पदों पर नियुक्ति होना है और पूरे प्रदेश में कुल 80000 पदों पर नियुक्ति होगी। डॉ. साहू ने जिला साहू संघ भिलाईनगर के अध्यक्ष चन्द्रभूषण साहू, उपाध्यक्ष सेवाराम साहू व रुखमणी साहू, संगठन सचिव जीवन लाल साहू व लीना साहू को शपथ दिलाई।अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज के पदधिकारियों को अपने कार्यकाल के लिए लक्ष्य तय करना चाहिए। कोशिश करें कि सामाजिक बुराईयों को दूर करें। उन्होंने समाज में बढ़ रहे अंतरजातीय विवाह पर चिंता जताते हुए कि यदि यही रफ्तार से विवाह होते रहे तो 30-40 वर्षों बाद ओरिजनल साहू कितने बचेंगे यह सोचने वाली बात है। श्री साहू ने इसे बड़ा संकट बताते हुए गंभीर चिंतन की आवश्यकता जताई, कहा कि आने वाले समय में इस पर कड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, दीपक साहू, विशिष्ट अतिथि विजय साहू, रमेश साहू , लखनलाल साहू, खिलावन साहू, श्रीमती तुलसी साहू के अलावा तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू आदि उपस्थित थे। तहसील साहू संघ के अध्यक्षगण खेदराम साहू, डॉ कामता प्रसाद साहू, जनकराम साहू, दीपक साहू सहित अनेक पदधिकारी भी मंच पर मौजूद थे। संचालन अमोलदस साहू व आभार प्रदर्शन लखेन्द्र साहू ने किया।

### दुर्ग जिला मजबूत, तो पूरे प्रदेश पर असर : उपमुख्यमंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि दुर्ग जिला प्रदेश साहू समाज की राजधानी और केंद्र बिंदु है। जब दुर्ग जिला मजबूत होता है तो पूरे प्रदेश मजबूत होता है। समाज का गरीब व्यक्ति जब तक समाज के संगठन से नही जुड़ा है तो वह अधूरा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर जोड़ना है। यह अभियान समाज के एक एक व्यक्ति को समाज के सूत्र में पिरोने का कार्य करना है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने कहा कि अंतरजातीय विवाह की अधिकता से हो रही है इस विषय मे चिंतन करने की जरूरत है। प्रदेश में संस्कार के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जल्द नियमावली बनाकर प्री वेडिंग शूट बंद किया जाएगा। साथ ही प्री कॉउन्सिल भी किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ साहू संघ के नियमावली को सभी पदाधिकारियों एवं सभी सामाजिक व्यक्तियों को पढ़कर पूरी जानकारी रखना चाहिए। अंतरजातीय विवाह प्रकरण में बढ़ रहे है इसे कैसे रोके समाज को चिंतन करना चाहिए,समाज निर्माण का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है इसे सभी सामाजिक जनों को जोड़कर करे।

### बच्चों को बनाएं संस्कारी इससे गलत दिशा में नहीं जाएंगे



भिलाई। जिला साहू संघ भिलाईनगर के नए अध्यक्ष चन्द्रभूषण साहू सहित उनकी टीम को प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित सभी वक्ताओं ने कहा कि साहू समाज में अंतरजातीय विवाह की बढ़ती संख्या बहुत चिंताजनक है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने यहां तक कहा कि यदि इसी रफ्तार से अंतरजातीय विवाह होता रहा तो आज से 30-40 वर्षों बाद ओरिजनल साहू कितने बचेंगे? समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि समाज में बढ़ता अंतरजातीय विवाह बहुत चिंता की बात है। हमारे बच्चों, युवाओं को अच्छा संस्कार देने की जरूरत है ताकि वे गलत दिशा में न जाएं। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट रखकर उसे सही दिशा में ले जाएं, इसकी प्रतिष्ठा को बचाना है। जिला साहू संघ के निवर्तमान अध्यक्ष हरि व्दारिका साहू ने अपने कार्यकाल के प्रमुख आयोजनों की जानकारी दी।

### यह रहे उपस्थित...

कार्यक्रम में पूर्व कबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, रामशिला साहू, जितेंद्र साहू अध्यक्ष तेलगानी विकास बोर्ड, विपिन साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छगा प्रदेश साहू संघ, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड, राजेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक दुर्ग जिला साहू संघ, सलाहकार रमेश साहू लखन साहू, यतीश साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, तहसील अध्यक्ष दुर्ग शहर पोषण साहू, पाटन लालेश्वर साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, दिव्या कलिहारी संगठन सचिव शोभाराम, सीताराम साहू, लालसिंग साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका देवीश्री साहू, प्रशांत कलिहारी, धनजय साहू, नवीन साहू सहित सहित समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता**

## शांतिनगर मैदान में विद्यारतन स्मृति कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**भिलाई।** शांतिनगर मैदान में खेले जा रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में शिवनाथ ऑटोमोबाइल, आकाशगंगा मोबाइल विक्रेता संघ और वार्ड 10 की टीम विजयी रही। 29 दिसंबर रात का पहला मैच वर्ड 34 वीर शिवाजी नगर और वार्ड 17 नेहरू भवन, दूसरा मैच स्पर्श अस्पताल विरुद्ध आईडीएफसी बैंक और तीसरा मैच ग्रामीण बैंक और भिलाई चेंबर के मध्य खेला जाएगा।

आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि स्वर्गीय विद्या रत्न भसीन स्मृति कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच साईं राम ग्रुप और शिवनाथ ऑटोमोबाइल के मध्य खेला गया। टॉस जीत का शिवनाथ ऑटोमोबाइल ने क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। साईं राम ऑटोमोबाइल के बिट्टू ने 15 रनों की बदौलत 8 ओवर में 60 रन का लक्ष्य रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवनाथ ऑटोमोबाइल की टीम ने शुभांशु के 27 और आदिल के 13 रनों की बदौलत यह मैच जीत लिया। दूसरा मैच आईसेट 11 व आकाशगंगा मोबाइल विक्रेता के मध्य खेला गया। आईसेक्ट 11 ने 8 ओवर में 38 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे आकाशगंगा मोबाइल विक्रेता संघ ने विक्की और जतिन की शानदार पारियों की बदौलत 6 ओवर में मैच जीत लिया। तीसरा मैच वार्ड 10 लक्ष्मी नगर और वार्ड 16 सुपेला के मध्य खेला गया। वार्ड 10 लक्ष्मी नगर ने टॉस जीतकर क्षेत्र आरक्षण करने का फैसला लिया। वार्ड 16 की टीम ने नीरज के 26 रन और विष्णु के 13 रनों के बदौलत 8 ओवर में 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 10 की टीम ने 7 ओवरों में दुर्जन के 26, प्रिंस के 10 व बंटी के 15 रन की बोलत मैच जीत लिया। अतिथि के रूप में दिव्या भसीन मक्कड़, पार्षद महेश वर्मा, पार्षद संतोष मौर्य, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद शिवेंद्र सिंह परिहार, अरविंदर सिंह खुराना उपस्थित थे।

**सेक्टर-6 कालीबाड़ी में आयोजन**

## मां काली के समक्ष जागो मां गीत की प्रस्तुति





**भिलाई।** सेव बंगाल सेव इंडिया कैम्पेन के तहत सेक्टर-6 कालीबाड़ी में मां काली के समक्ष जागो मां गीतों की प्रस्तुति दी गई। करीब 32 गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण व श्रोता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के जरिये लोगों ने बंगाल में गायिका के साथ की गई अभद्रता पर विरोध जताया।

उल्लेखनीय है कि विगत 20 दिसंबर को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में लग्नजीता चक्रवर्ती नामक एक महिला गायिका द्वारा जागो मां गाने की प्रस्तुति दी जा रही थी। कार्यक्रम में विशेष समाज के व्यक्ति द्वारा तुरंत गाने को बंद करने की धमकी गायिका को दी गई। मंच पर चढ़ कर गायिका को अभद्र शब्द कहे गए और हमला करने की कोशिश भी की गई। इसी घटना का विरोध में कालीबाड़ी सेक्टर-6 जागो मां का कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भिलाई के गायक, गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी।

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग भिलाई सहित रायपुर से पहुंचे संगीत प्रेमी, सजी महफिल**

## आर डी बर्मन के सुपरहिट नगमों को सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता, सदाबहार गीतों ने बांधा समां





भिलाई। सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स और ऑफिसर्स एसोशिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में कला मंदिर सिविक सेंटर, भिलाई में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महान संगीतकार आर. डी. बर्मन के कालजयी गीतों सहित बॉलीवुड के सुपरहिट नगमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती का पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की प्रस्तुति से संपूर्ण सभागार संगीतमय वातावरण में डूब गया। जैसे ही फिल्म हम किसी से कम नहीं का लोकप्रिय गीत "तुम क्या जानो मोहब्बत क्या है" शांताराम वानखेड़े द्वारा प्रस्तुत किया गया, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक महेश कुमार विनोदिया और शिप्रा मंडल ने फिल्म मुकद्दर का सिकंदर का गीत प्यार जिंदगी है प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक पवन कुमार, बी. एल. चांदवानी अधिशासी निदेशक, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, संदीप माथुर मुख्य महाप्रबंधक, बीएसपी, अरुण सिंह सेवानिवृत्त एयरफोर्स अधिकारी और ऑफिसर्स एसोशिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर, पूर्व सचिव परविंदर सिंह और दीपांकर दास उपस्थित रहे।



### इन्होंने दी प्रस्तुति

साल 2025 के अंत और नववर्ष के स्वागत के पहले आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में अंचल और प्रदेश के जानेमाने संगीतकारों में लता बर्मन, वीणा माखीजा, शिप्रा मंडल, सरोज खत्री, प्रनोती गजभिए, श्रीजा दलाल, सत्या पांडेय, ओ. पी. रजक, शांताराम वानखेड़े, सुनील परदेशी एवं गिरीश चतुर्वेदी ने अपनी सुमधुर आवाज़ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संगीत निर्देशन संगीतकार कबींद्र बर्मन डॉल्फिन म्यूज़िकल ग्रुप और मंच संचालन ज्योति धारकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महेश विनोदिया ने बताया कि कि आयोजन के लिए सभी कलाकारों ने पिछले दो माह से लगातर दिन-रात प्रेक्टीस की, जिससे यह ओयजन सफल हो पाया। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई और रायपुर से बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों ने शिरकत की जिससे सभागार देर रात तक खचाखच भरा रहा।

ज्योतिष

# जनवरी में इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, होगी तरक्की



वैदिक पंचांग के अनुसार साल 2026 के जनवरी महीने में 4 ग्रह राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं, जिसमें सबसे पहले ग्रहों के राजा सूर्य 14 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं इसके बाद ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह मकर राशि में गोचर करेंगे। साथ ही बुध ग्रह 17 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं अंत में धन के दाता शुक्र ग्रह मकर राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे मकर राशि में चतुर्ग्रही योग का भी निर्माण होगा। वहीं इन 4 ग्रहों की चाल में कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं।

**मकर राशि :** यह गोचर आपकी राशि से लग्न भाव पर होने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही परिवार और मित्रों के सहयोग से आपके प्रयास और भी फलदायक साबित होंगे। वहीं इस दौरान आपका व्यक्तित्व इस समय दूसरों को प्रेरित करेगा और नई साझेदारियों के अवसर आएंगे।

**तुला राशि :** यह गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा। इसलिए इस समय आपको भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं। वहीं नौकरी में प्रमोशन, वेतन वृद्धि या नई जिम्मेदारियों के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में नए ग्राहक, बेहतर सौदे और लाभ के संकेत बनेंगे। वहीं इस समय आपको पैतृक संपत्ति का लाभ हो सकता है।

**मेष राशि :** यह गोचर आपकी राशि से कर्म भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिलेगी। साथ ही नौकरीपेशा जातकों को इंक्रीमेंट, बोनस या प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। साथ ही व्यापार करने वालों के लिए यह समय नई डील, पार्टनरशिप और मुनाफे वाला रहेगा। वहीं इस समय नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। वहीं इस समय आपको पिता के साथ संबंध मजबूत होंगे।

# 10 साल बाद शनि और शुक्र इन राशियों का बनाएंगे राजयोग



आने वाली 15 जनवरी को शुक्र और शनि ग्रह 90 डिग्री पर होंगे। जिससे लाभ दृष्टि योग बनेगा। ऐसे में इस योग के बनने से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों की आय में वृद्धि और नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**कुंभ राशि :** आप लोगों के लिए लाभ दृष्टि योग लाभकारी साबित हो सकता है। इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और हर कार्य में सफलता मिलेगी। वहीं इस दौरान आपके लिए समय अच्छा रहेगा। बिजनेस करने वालों को नए सौदे मिल सकते हैं। वहीं इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। वहीं आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**सिंह राशि :** लाभ दृष्टि राजयोग बनने से सिंह राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। इस समय आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही आय के नए माध्यम बन सकते हैं। वहीं आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही जो लोग अपने काम से पहचान बनाना चाहते हैं, उन्हें इस समय फायदा होगा।

**मिथुन राशि :** इस दौरान आपको काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। साथ ही यह समय आपके व्यक्तित्व को निखारने और जीवन के अहम क्षेत्रों में पहचान बनाने का है। वहीं इस दौरान नौकरी या व्यापार में नई सफलताएं और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वहीं जो व्यापारी वर्ग है, उनको इस समय अच्छा धनलाभ हो सकता है।

## सेहत के लिए सही ढंग से खाएं ये फल और सब्जियां

# अच्छी सेहत के लिए अपनाएं हेल्दी खाने का यह सही तरीका, जानें पूरी डिटेल

आज के टाइम में हम सभी को अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए कई चीजों का सेवन करना होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत को अच्छा रखने वाले हेल्दी फ्रूट्स व सब्जियों को खाने का सही तरीका क्या है?



हम सभी अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए हेल्दी फूड्स शामिल करने की कोशिश करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं अगर इनका सही तरीके से नहीं किया जाए, तो इनके फायदों की जगह नुकसान भी हो सकता है। बता दें कि कुछ फूड्स का पोषण तभी मिलता है जब उन्हें सही तरीके से खाया जाए। आइए जानते है, कुछ फूड्स को सही तरीके से कैसे खाना है।

### चिया सीड्स

चिया सीड्स बहुत हेल्दी है, लेकिन इस सीड्स को सूखा नहीं खाना चाहिए। सूखा खाने से पेट फूल सकता है या दम घुटने जैसी समस्या हो सकती है। इन्हें हमेशा पानी या दूध में कुछ मिनट के लिए भिगोकर खाएं। इससे ये आसानी से पच जाते हैं और पोषण भी ज्यादा मात्रा में मिलता है।

### चुकंदर

चुकंदर यह हमारे स्वास्थ को अच्छा रखता है, क्योंकि यह खून को भी बढ़ता है और त्वचा को भी अच्छा रखता है। लेकिन चुकंदर को उबालकर या तलकर खाने से इसके नाइट्रेट और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसे भाप में पकाकर या जूस के रूप में लेना सबसे फायदेमंद है।

### पालक

डेली ज्यादा कच्चा पालक खाने से किडनी स्टोन या पोषण की कमी हो सकती है। पालक को पकाकर या हल्का भूनकर खाएं, तो इससे ऑक्सेलेट कम होता है और पोषक तत्व बरकरार रहते हैं।

### ब्रोकली

ब्रोकली को ज्यादा उबालने या माइक्रोवेव में पकाने से इसके एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्व कम हो जाते हैं। इसे भाप में पकाकर खाएं, ताकि कैंसर से लड़ने वाला सल्फोराफेन बरकरार रहे।

### बादाम

खाली पेट कच्चा बादाम खाने से अपच हो सकती है। बादाम को रातभर भिगोकर, छिलका उतारकर खाएं। इससे टैनिन और फाइटिक एसिड निकल जाते हैं, जो पोषक तत्वों को अवशोषित होने से रोकते हैं।



# 50 की उम्र के बाद न करें इन खाद्य पदार्थों का सेवन वरना हो सकता है नुकसान

मानव शरीर 50 साल की उम्र के बाद कमजोर होना और ढलना शुरू हो जाता है। इस दौरान हड्डियों की डेंसिटी कम हो जाती है, त्वचा पतली हो जाती है, हार्मोनल बदलाव आते हैं और सोचने-समझने की क्षमता कम होने लगती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में बदलाव करने चाहिए और केवल पौष्टिक भोजन ही खाना चाहिए। 50 साल की उम्र के बाद इन खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर दें, आपका शरीर आपको शुक्रिया कहेगा।

**ज्यादा नमक वाले खाद्य पदार्थ :** 50 के होने के बाद आपको ज्यादा सोडियम युक्त भोजन नहीं खाना चाहिए। यह उम्र से संबंधित ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या को और खराब करता है, जिससे दिल, दिमाग और किडनी पर दबाव पड़ता है। इससे दिल का दौरा, धड़कन रुकने, स्ट्रोक और किडनी फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में भोजन में कम नमक डालें और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर दें। बाहर का खाना भी ऐसा चुनें, जिसमें नमक कम हो।

**मैदा से बना कोई भी आइटम :** मैदा हर किसी की डाइट



का हिस्सा होती है। हालांकि, 50 साल की उम्र के बाद पिज्जा, भटूरे और मैदे युक्त अन्य पकवानों से दूरी बनाने का समय आ जाता है। इस आटे में फाइबर और अन्य पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इससे मधुमेह, हृदय रोग और पाचन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जो इस उम्र में होने वाली बीमारियां हैं। मैदा ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को भी अचानक बढ़ा देता है।

**मीठे पेय :** कभी-कभी चाय और कॉफी पीना ठीक है। हालांकि, 50 साल के बाद रोजाना मीठे पेय का सेवन करना खतरे की घंटी हो सकता है।

सोडा, कोल्ड ड्रिंक, पैकेट वाले जूस और एनर्जी ड्रिंक जैसे पेय ज्यादा कैलोरी और चीनी से भरपूर होते हैं। इन्हें पीने से शुगर का स्तर बढ़ जाता है, जिससे अचानक बहुत ज्यादा ऊर्जा महसूस होती है। ये बाद में थकावट पैदा कर सकती हैं, वजन बढ़ा सकती हैं और मधुमेह का कारण बन सकती हैं।

### तला-भुना व मसालेदार भोजन

फ्रेंच फ्राइज, बर्गर, टिक्की, चाट और पकौड़े जैसे तले-भुने व मसालेदार भोजन लजीज तो बहुत होते हैं। हालांकि, ये आपको बीमार कर सकते हैं और पुरानी बीमारियों के लक्षणों को और भी बढ़ा सकते हैं। ये पकवान अतिरिक्त वसा और कैलोरी से भरपूर होते हैं, जो मोटापे समेत कई समस्याएं खड़ी करने का कारण बन सकती है। 50 साल की उम्र के बाद शरीर वसा को धीरे जला पाता है। ऐसे में तले-भुने व्यंजन आपको आलसी बना सकते हैं।

### शराब

50 साल की उम्र के बाद शराब से परहेज करना चाहिए। इस उम्र में शराब शरीर के अंदर ज्यादा समय तक रुकती है, जिससे ज्यादा नशा होता है। इससे दिल, लिवर और किडनी की बीमारियां हो सकती हैं और प्रतिरक्षा पर असर पड़ सकता है।

# दाबेली गुजरात का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड घर पर ही बनाएं, आसान है रेसिपी

गुजरती खान-पान का नाम लेते ही ढोकला, थेपला, खांडवी और फाफड़ा आदि का ख्याल आता है। हालांकि, यहां एक खास तरह का सैंडविच भी मिलता है, जो मुंह में स्वाद का विस्फोट कर देता है। इसे दाबेली कहते हैं, जो गुजरात का प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड है। इस एक व्यंजन में आपको खट्टा, मीठा, तीखा और नमकीन, सभी स्वाद मिल जाएंगे। आइए दाबेली बनाने की आसान रेसिपी जानते हैं।



**क्या होती है दाबेली :** दाबेली गुजरात के कच्छ क्षेत्र का पारंपरिक पकवान है, जो अब मुंबई जैसे बड़े शहरों में भी मशहूर है। इसे पहली बार 1960 के दशक में केशवजी गभा चुडासमा नाम के व्यक्ति ने बनाया था। यह एक पाव वाला व्यंजन होता है, जिसके अंदर आलू की चटपटी फिलिंग की जाती है। साथ ही इस पर इमली की खट्टी-मीठी चटनी, लहसुन और मिर्च की तीखी चटनी, अनारदाने और मूंगफली आदि भी डाली जाती है।

**दाबेली बनाने के लिए लगेगी ये सामग्री :** दाबेली एक भारतीय पकवान है, इसलिए इसमें लगने वाली सभी चीजें आपको आसानी से आपकी रसोई में मिल जाएंगी। इसके लिए आपको ताजा पाव चाहिए होंगे, जो मुलायम, मीठे और अच्छी गुणवत्ता वाले हों। इसके अलावा आपको आलू, तेल, नमक, दाबेली मसाला, भुने हुए मूंगफली के दाने और इमली की चटनी की जरूरत पड़ेगी। लहसुन की चटनी के लिए कश्मीरी लाल मिर्च, लहसुन, जीरा, गुड़ और नींबू का रस चाहिए होगा।

**इस तरह तैयार करें दाबेली की फिलिंग :** दाबेली बनाने के लिए सबसे पहले आलू को उबाल लें और उनका छिलका उतारकर उन्हें मीस लें। एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें मूंगफली, नमक और दाबेली मसाला डालकर भून लें। मिश्रण को निकालकर अलग रखें और इसी पैन में इमली की चटनी और दाबेली मसाला भून लें। इसमें मीसे हुए आलू शामिल करें और नमक भी मिला दें। इस मिश्रण को कटोरे में निकालें और ऊपर से भुनी मूंगफली, सेव, प्याज और धनिया डाल दें।

**ऐसे बनाएं लहसुन की चटनी :** एक बार जब फिलिंग तैयार हो जाए तो लहसुन की चटनी बनाने की शुरुआत करें। इसके लिए कश्मीरी लाल मिर्च को एक कटोरी गर्म पानी में भिगोकर रख दें। जब मिर्च मुलायम हो जाएं तो उन्हें पानी से निकालकर ब्लेंडर में डालें।

# घर पर ही बनाएं कैफे जैसी गर्मा-गर्म हॉट चॉकलेट, आसान है रेसिपी

सर्द रातों में ठंडी-ठंडी हवा के बीच एक कप गर्मा-गर्म हॉट चॉकलेट मिल जाए तो सुकून मिल जाता है। यह क्रीमी और चॉकलेटी पेय क्रिसमस और नए साल के जश्न का अहम हिस्सा भी रहता है। यह स्विट्जरलैंड, फ्रांस और स्पेन का पारंपरिक पेय है, जो अब दुनियाभर में मशहूर हो चुका है। ज्यादातर लोग हॉट चॉकलेट पीने के लिए कैफे जाते हैं। हालांकि, आप घर पर ही कई तरह की लजीज हॉट चॉकलेट बना सकते हैं।

**चॉकलेट कौड :** अगर आप थोड़ी अलग हॉट चॉकलेट पीना चाहते हैं तो चॉकलेट कौड पिएं। यह फ्रांस की पारंपरिक हॉट चॉकलेट है, जिसे पीना वहां की परंपरा है। यह थोड़ी गाढ़ी हॉट चॉकलेट होती है, जिसमें मक्खन मिलाया जाता है। इसे बनाने के लिए एक पैन में दूध उबालें और गैस से उतारकर उसमें चॉकलेट मिलाएं। जब चॉकलेट पिघल जाए तो इसमें मक्खन और भूरी चीनी मिला दें। इसे परोसने से पहले इसपर व्हिप्ड क्रीम डालना न भूलें।

**क्लासिक हॉट चॉकलेट :** सभी कैफे में क्लासिक हॉट चॉकलेट मिलती है, जिसकी रेसिपी सबसे आसान होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अच्छी गुणवत्ता वाली चॉकलेट लें और उसे टुकड़ों में काट लें। ज्यादा बढ़िया स्वाद



चाहते हैं तो प्रीमियम डार्क चॉकलेट इस्तेमाल करें। एक पैन में दूध गर्म करें और उसमें काटी हुई चॉकलेट मिला दें। उसे पूरी तरह से दूध में घुल जाने दें, फिर कप में निकाल लें। इसे गाढ़ा करने के लिए इसमें थोड़ी हेवी क्रीम मिला दें।

**अर्जेंटीनी हॉट चॉकलेट :** अर्जेंटीना में अलग प्रकार की हॉट चॉकलेट मिलती है, जिसमें चॉकलेट ही नहीं मिलाई जाती है। इसके बजाय परोसते वक्त इसके साथ चॉकलेट अलग से दी जाती है। इसे बनाने के लिए एक कप में गर्म दूध, वेनीला का अर्क और चीनी डालकर मिला लें। अब इसके साथ एक टुकड़ा डार्क चॉकलेट परोसें और पीने से तुरंत पहले इसे मिला लें। ऐसा करने से चॉकलेट पिघल जाएगी और स्वाद बेहद लाजवाब हो जाएगा।

**मसालेदार हॉट चॉकलेट :** हॉट चॉकलेट केवल मीठी ही नहीं, बल्कि मसालेदार भी होती है। मेक्सिको के लोग अपनी हॉट चॉकलेट में मिर्ची डालते हैं, जिससे उसका स्वाद दोगुना हो जाता है।

कार्नर न्यूज

## ऊनी कपड़ों को न केवल साफ रख सकते हैं, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी बनाए रख सकते हैं

# सर्दियों के दौरान ऊनी कपड़ों को धोने के लिए अपनाएं आसान तरीके

सर्दियों में ऊनी कपड़े पहनना बहुत आरामदायक होता है, लेकिन उन्हें धोते समय अक्सर सिकुड़ने या बिगड़ने का डर रहता है। इस समस्या से निपटने के लिए आप कुछ सरल और प्रभावी तरीके अपना सकते हैं। इन उपायों की मदद से आप अपने ऊनी कपड़ों को न केवल साफ रख सकते हैं, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी बनाए रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप अपने ऊनी कपड़ों को सुरक्षित रख सकते हैं।



### गर्म पानी का उपयोग न करें

ऊनी कपड़ों को धोते समय कभी भी गर्म पानी का उपयोग न करें। गर्म पानी से ऊनी कपड़े सिकुड़ सकते हैं और उनकी बनावट खराब हो सकती है। हमेशा हल्के गुनगुने पानी का उपयोग करें, जो कि कपड़ों की धुलाई के लिए सही होता है। इससे न केवल कपड़े साफ होते हैं बल्कि उनकी गुणवत्ता भी बनी रहती है। गुनगुने पानी से धुलाई करने पर कपड़े जल्दी सूखते हैं और उनमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती।

### साबुन की मात्रा कम रखें

ऊनी कपड़ों को धोते समय साबुन की मात्रा कम रखें। अधिक साबुन से कपड़ों पर कठोर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे उनका रंग फीका पड़ सकता है या फिर कपड़े खराब हो सकते हैं। थोड़ी मात्रा में साबुन का उपयोग करें, जिससे आपके ऊनी कपड़े साफ भी होंगे और उनकी गुणवत्ता भी बनी रहेगी। इससे न केवल कपड़े साफ होते हैं बल्कि उनकी

### बालों के कंडीशनर का करें इस्तेमाल

बालों के कंडीशनर का उपयोग करके आप अपने ऊनी कपड़ों को सुरक्षित रख सकते हैं। बालों के कंडीशनर में मौजूद तत्व ऊनी कपड़ों की नमी बनाए रखते हैं और उन्हें सिकुड़ने से रोकते हैं। इसके लिए बस एक बालों के कंडीशनर की मात्रा लेकर उसे हल्के गुनगुने पानी में मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने ऊनी कपड़ों पर लगाकर कुछ मिनट छोड़ दें। इसके बाद कपड़ों को हल्के हाथों से धो लें और सूखा लें।



### सीधे धूप में सुखाने से बचें

ऊनी कपड़ों को सीधे धूप में सुखाने से बचें क्योंकि इससे उनके रंग फीके पड़ सकते हैं या फिर कपड़े सिकुड़ सकते हैं। बेहतर होगा कि आप अपने ऊनी कपड़ों को छायादार जगह पर फैलाकर सुखाएं ताकि वे धीरे-धीरे सूख सकें और उनकी गुणवत्ता बनी रहे। इससे न केवल कपड़े सूखते हैं बल्कि उनमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती। इस तरीके से आपके ऊनी कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

### हैंगर का उपयोग करें

ऊनी स्वेटर या जैकेट को हैंगर पर टांगकर सुखाना सबसे अच्छा तरीका है। इससे आपका कपड़ा अपनी शेप में रहेगा और जल्दी सूख जाएगा। कभी भी ऊनी कपड़ों को कड़ा या टेढ़ा होने से बचाने के लिए उन्हें सीधा लटकाएं। इस तरह आप अपने ऊनी कपड़ों को सही तरीके से धोकर उनकी गुणवत्ता बनाए रख सकते हैं और लंबे समय तक नए जैसे दिखते रहेंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## केट का खुलासा, टीनएज में लड़की के साथ था रिलेशनशिप



टाइटैनिक से पॉपुलर हुईं एक्ट्रेस केट विन्सलेट ने हाल ही में अपने पहले इंटिमेट एक्सपीरियंस को शेयर किया. वहीं उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने सेम सेक्स के साथ भी इंटिमेट एक्सपीरियंस शेयर किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि अपने टीनएज के आखिरी सालों में "जिज्ञासु" थीं और वह 1994 की फिल्म 'हेवनली क्रिएचर्स' में अपने किरदार से खुद को जोड़ पाईं, जो दो टीनएज लड़कियों के बीच सब कुछ खत्म कर देने वाले और जुनूनी रिश्ते के बारे में थी, जो कि फीमेल फर्स्ट यूके' की रिपोर्ट में बताया गया है। द टेलीग्राफ के अनुसार, उन्होंने टीम डीकिंस पॉडकास्ट में बताया, 'मैं कुछ ऐसा शेयर करूंगी जो मैंने पहले कभी शेयर नहीं किया।' उन्होंने आगे कहा, एक यंग टीनएजर के तौर पर मेरे कुछ पहले इंटिमेट एक्सपीरियंस असल में लड़कियों के साथ थे। मैंने कुछ लड़कियों को किस किया था, मैंने कुछ लड़कों को भी किस किया था, लेकिन मैं किसी भी दिशा में खास आगे नहीं बढ़ी थी। लेकिन, अपनी जिंदगी के उस पड़ाव पर मैं जानना चाहती थी और मुझे लगता है कि उन दो महिलाओं के बीच जो बहुत गहरा रिश्ता था उसे मैं बहुत अच्छे से समझती थी। मैं तुरंत उस दुनिया के भंवर में खिंची चली गई, जिसमें वे थीं, जो जाहिर है उन दोनों के लिए बहुत ज्यादा नुकसानदायक साबित हुई। केट ने आगे कहा, मेरा मतलब है कि उन्होंने किसी का मर्डर कर दिया, क्योंकि उन्हें सच में विश्वास था कि वह इंसान उन्हें एक साथ रहने से रोक रहा था।

### टॉलीवुड

## सुबह चार बजे नहीं होगा 'जन नायकन' का पहला शो



थलापति विजय अपनी अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' को लेकर चर्चा में हैं। यह उनकी आखिरी फिल्म हो सकती हैं क्योंकि वह एक्टिंग छोड़कर राजनीति पर ध्यान देना चाहते हैं। पहले ऐलान किया गया था कि 'जन नायकन' के मेकर्स को रिलीज के दिन सुबह 4 बजे ही पहला शो दिखाने की इजाजत मिल गई है। अब मेकर्स ने जानकारी दी है कि फिल्म का पहला शो 4 बजे से नहीं शुरू होगा। एसएसआर एंटरटेनमेंट्स के नए बयान में कहा गया है कि सिनेमाघरों में 'जन नायकन' का पहला शो सुबह 4.00 बजे के बजाए 6.00 बजे से शुरू होगा। बयान में कहा गया 'हमने केरल में जन नायकन का पहला शो सुबह 4.00 बजे दिखाने के लिए हर संभव कोशिश की है। शुरुआत में, प्रोड्यूसर की तरफ से सुबह 4.00 बजे के शो के लिए परमिशन दी गई थी। हालांकि, मौजूदा हालात और तमिलनाडु में सामने आ रही कुछ दिक्कतों की वजह से, सुबह 4 बजे के शो को मंजूरी नहीं मिल पाई।' बयान में आगे कहा गया 'इसलिए, केरल में जन नायकन का पहला शो सुबह 6 बजे होगा। आपको हुई असुविधा के लिए हम केरल के सभी थलापति फैंस से दिल से माफी मांगते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि 9 जनवरी को सुबह 6बजे के शो को फैंस पूरे दिल से सपोर्ट करेंगे और इसे कामयाब बनाएंगे।' जन नायकन में पूजा हेगड़े, मामिता बैजू, प्रकाश राज, बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन और अन्य कलाकार भी होंगे। विजय अपनी नई पार्टी, तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के साथ 2026 के तमिलनाडु चुनावों में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं, इसलिए यह उनकी आखिरी फिल्म होगी।

### भोजपुरी

## 'बेडरूम में राजा' पवन सिंह का नया रोमांटिक गाना रिलीज



भोजपुरी सिनेमा के 'पावर स्टार' एक्टर और सिंगर, पवन सिंह का नया रोमांटिक गाना 'बेडरूम में राजा' रिलीज हो चुका है। नए साल के मौके पर इस गाने को वीजीएम म्यूजिक चैनल पर जारी किया है। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के बीच की प्रतिस्पर्धा किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे से उलझे रहते हैं। 'बेडरूम में राजा' गाने को पवन सिंह ने भोजपुरी संगीत की सेंसेशन शिल्पीराज के साथ गाया है। जबकि म्यूजिक वीडियो में उनके साथ अपर्णा मलिक दिख रही हैं। पवन सिंह और अपर्णा की केमेस्ट्री देखने लायक है। खासकर रोमांटिक अंदाज में दोनों दिल लूट रहे हैं। गीत के बोल भी मस्ती और रोमांटिक मिजाज में चार-चांद लगा रहे हैं। गाने की शुरुआत बेडरूम से होती है। जहां अपर्णा मलिक कहती हैं, 'हां... बेडरूम में राजा घुस जाला... मना जब करी रूस जाला।' इस पर पवन सिंह उन्हें जवाब देते हैं, 'प्यार बरसावे द ना, तनी लगावे दा न किवाड़ी रानी जी... खोल द... खोल द... कमरिया से साड़ी रानी जी।' गाने के ये बोल रोशन सिंह विश्वास ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक प्रियांशु सिंह ने दिया है। कोरियोग्राफी गोल्डी जायसवाल की है और वीडियो के डायरेक्टर विभांशु तिवारी हैं।

## विंटेज गाउन बनकर बिखेर गईं चमक

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉड्र्स के रेड कार्पेट पर आते ही आलिया भट्ट अपनी अदाओं का जलवा बिखेर गईं। हसीना ने 32 साल पुरानी ब्लैक विंटेज ड्रेस पहन अपना काला जादू चलाया, जिसके सामने बाकी हसीनाओं का ग्लैमर धरा का धरा रह गया।

लाइफ स्टाइल




## महिलाएं कॉर्सेट ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं इस तरह के लेटेस्ट बॉटम वियर

कॉर्सेट ब्लाउज एक ऐसा परिधान है, जो कुछ सालों से लोकप्रिय हो रहा है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है, बल्कि कमर को पतला दिखाने में भी मदद करता है। कॉर्सेट ब्लाउज को साड़ी और गाउन आदि जैसे कई तरह के कपड़ों के साथ स्टाइल किया जा सकता है। हालांकि, इसके साथ सही बॉटम वियर पहनकर आप सबसे सुंदर दिख सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आप कॉर्सेट ब्लाउज के साथ कौन-से बॉटम वियर पहन सकती हैं।

**काली या फिर नीली जींस :** कॉर्सेट ब्लाउज के साथ जींस पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। चाहे आप काली जींस चुनें या नीली, दोनों ही आपके लुक को खास बनाएंगी। अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक थोड़ा अलग दिखे तो हाई वेस्टेड जींस का चयन करें। इससे आपकी कमर और भी ज्यादा पतली नजर आएगी। इसके अलावा आप चौड़े पैर वाली जींस भी चुन सकती हैं,



जो कुछ सालों से सबसे ज्यादा प्रचिलित है।

**पश्चिमी व पारंपरिक लुक देगा प्लाजो:** प्लाजो एक पारंपरिक बॉटम वियर है, जिसे आप अपने कॉर्सेट ब्लाउज के साथ पहनकर सुंदर दिख सकती हैं। यह मेल न केवल आपको पश्चिमी और पारंपरिक लुक का मेल देगा, बल्कि बहुत ही आरामदायक भी रहेगा। प्लाजो की चौड़ी फिटिंग आरामदायक होगी। ऊपर के कसे हुए कोर्सेट के साथ ढीले प्लाजो का मेल सबसे खूबसूरत लगता है। आप इसके साथ हील वाली सैंडल पहन सकती हैं, ताकि प्लाजो गंदा न हो।

### एक अनोखा विकल्प धोती पैंट्स

धोती पैंट्स एक अनोखा विकल्प हो सकता है, जिसे आप अपने कॉर्सेट ब्लाउज के साथ आजमा सकती हैं। यह पारंपरिक और आधुनिकता का मेल है, जो आपके लुक को बेहद खास बनाएगा। धोती पैंट्स की ढीली फिटिंग आपके लुक को एक अलग ही अंदाज दे सकती है। आप धोती पैंट्स को अलग-अलग रंगों और डिजाइन में चुन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक बन जाएगा।

### एंकल लेंथ पैंट्स

एंकल लेंथ पैंट्स भी कॉर्सेट ब्लाउज के साथ अच्छी लगती हैं। ये पैंट्स आपके टांगों को लंबा दिखा सकती हैं और आपके लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। आप इन्हें किसी भी प्रकार की एसेसरीज के साथ पहन सकती हैं। एंकल लेंथ पैंट्स आरामदायक होती हैं और रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त रहती हैं। इन सभी विकल्पों से आप अपने कॉर्सेट ब्लाउज को अलग-अलग तरीके से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार नया लुक पा सकती हैं।

## सर्दियों में महिलाएं शॉल को जींस और टॉप के साथ ऐसे करें स्टाइल

फैशन



सर्दियों में ठंड से बचने के लिए महिलाएं कई तरह के कपड़े पहनती हैं। इनमें से शॉल एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाता है। जींस और टॉप के साथ शॉल पहनने का तरीका जानना जरूरी है ताकि आप हर मौके पर सही लुक पा सकें। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिससे आप जींस और टॉप के साथ शॉल को अच्छे से पहन सकें।

**एक ही रंग की जींस और टॉप पहनें :** जब आप शॉल को जींस और टॉप के साथ पहनें तो एक ही रंग की जींस और टॉप चुनें। इससे आपका लुक बहुत ही सादा और आकर्षक लगेगा। उदाहरण के लिए अगर आपकी जींस नीली है तो नीले रंग का टॉप भी चुनें। इससे आपका लुक एकसार दिखेगा और आप ज्यादा फैशनेबल लगेंगी। इसके अलावा एक ही रंग के कपड़ों से आपका लुक ज्यादा मनोहर लगेगा और आप आरामदायक भी महसूस करेंगी।

**हल्के रंग की शॉल चुनें :** हल्के रंग की शॉल सर्दियों में खासतौर पर आकर्षक होती हैं क्योंकि ये न केवल आपको गर्म रखती हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी निखारती हैं। सफेद, हल्का गुलाबी या हल्का नीला जैसे रंग आपकी जींस और टॉप के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। इन रंगों से न केवल आप स्टाइलिश दिखेंगी बल्कि ठंड से भी बच सकेंगी। हल्के रंगों की शॉल पहनकर आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं।

**शॉल को अलग-अलग तरीके से बांधें :** शॉल को बांधने के कई तरीके होते हैं, जिन्हें आप अपने स्टाइल के हिसाब से चुन सकती हैं। उदाहरण के लिए, आप इसे कंधे पर डाल सकती हैं या इसे गर्दन के चारों ओर लपेट सकती हैं। इससे आपका लुक अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग लगेगा और आप हर बार नई तरह से स्टाइल कर सकेंगी। इसके अलावा आप इसे बेल्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।


**गहनों का ध्यान रखें :** गहने आपके लुक को पूरा करते हैं इसलिए इन्हें नजरअंदाज न करें। अगर आपकी शॉल हल्की होती है तो आप बड़े झुमके या चेन पहन सकती हैं, वहीं भारी शॉल के साथ साधारण गहने बेहतर दिखेंगे। इसके अलावा आप कमरबंद या बैग का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। सही गहनों के साथ आपकी शॉल और जींस-टॉप का मेल और भी खूबसूरत बनेगा, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश दिखेंगी।

**जूतों पर ध्यान दें :** जूते भी आपके पूरे लुक में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए इन्हें सही तरीके से चुनें। अगर आप ठंड से बचना चाहती हैं तो बूट्स बेहतर विकल्प हो सकते हैं क्योंकि ये न केवल गर्म रखते हैं बल्कि स्टाइलिश भी लगते हैं, वहीं अगर आप आरामदायक रहना चाहती हैं तो फ्लैट्स या स्नीकर्स भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

## आपको 10 साल बड़ा दिखा सकती हैं फैशन से जुड़ी ये गलतियां, करने से बचें

जो कपड़े हम पहनते हैं, वे हमारे लुक को बना या बिगाड़ सकते हैं। सही कपड़े न चुनने से न केवल लुक खराब होता है, बल्कि आप उम्र से ज्यादा बड़ी भी दिख सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनकी वजह से आप 10 साल बड़ी लग सकती हैं। इन्हें सुधारकर आप बेहद खूबसूरत तो लगेंगी ही, साथ ही जवान भी दिखाई देंगी।

**गलत रंगों वाले कपड़े चुनना :** जरूरी नहीं होता कि हर एक रंग आपके ऊपर अच्छा ही लगे। कुछ रंग ऐसे भी होते हैं, जो आपके चेहरे को डल और उम्रदराज दिखा सकते हैं। गहरे, मटमैले या ज्यादा चटक रंगों वाले कपड़े चेहरे की महीन रेखाओं को उभार सकते हैं। अपना कलर एनालिसिस करवाएं, जिससे आपको पता चल जाएगा कि आप पर किन रंगों वाले कपड़े अच्छे नहीं लगते। जवान दिखने के लिए क्रीम, सफेद, न्यूड और पेस्टल जैसे हल्के रंगों वाले कपड़े चुनें।



### सही फिटिंग वाले कपड़े न पहनना

भले ही इन दिनों ढीले कपड़ों का चलन हो, लेकिन आपको अपनी फिटिंग के कपड़े चुनने चाहिए। सही फिटिंग के कपड़े न पहनने से आपका शरीर मोटा लग सकता है और आप ज्यादा बड़ी दिख सकती हैं। ऊपरी शरीर से लेकर पैरों तक, सारे कपड़े ढीले पहनने से बचें।

### आउटडेटिड ट्रेंड का पालन करना

मौसम और साल के साथ-साथ फैशन ट्रेंड भी बदलते हैं। अगर आप अब भी आउटडेटिड हो चुके ट्रेंड का पालन कर रही हैं तो आज ही यह आदत बदलें। पुराने ट्रेंड अपनाने से आप बड़ी तो लगेंगी ही, साथ ही आपका लुक भी खास नहीं लगेगा। आपको स्किनी जींस, पैच वाले कपड़े, चमकीले कपड़े, पुराने स्टाइल और पैटर्न वाले कपड़ों को अपनी अलमारी से निकाल देना चाहिए।

## ओवरसाइज शर्ट को भी ऐसे पहनकर लगें स्टाइलिश, हर मौके पर बैठती है फिट

ओवरसाइज शर्ट एक ऐसा परिधान है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाता है। चाहे आप इसे ऑफिस में पहनें या दोस्तों के साथ बाहर जाएं, यह हर मौके पर फिट बैठती है। सही तरीके से इसे स्टाइल करने पर आप हमेशा आकर्षक दिख सकती हैं।

**जींस के साथ करें मेल :** ओवरसाइज शर्ट को जींस के साथ पहनना एक बेहतरीन तरीका है। यह मेल न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है। आप चाहें तो शर्ट को बाहर की ओर टक कर सकती हैं या फिर इसे पूरी तरह से बाहर निकालकर पहन सकती हैं।

**स्कर्ट के साथ आजमाएं :** ओवरसाइज शर्ट को लंबी स्कर्ट के साथ पहनकर आप एक खूबसूरत



और अलग लुक पा सकती हैं। इस मेल में शर्ट को बाहर की ओर पहनें और लंबी स्कर्ट के साथ इसे मिलाएं। आप चाहें तो रंगों में विपरीतता भी चुन सकती हैं, जैसे सफेद शर्ट के साथ काली लंबी स्कर्ट या नीली शर्ट के साथ ग्रे लंबी स्कर्ट।

**शॉर्ट्स के साथ करें स्टाइल :** गर्मियों में ओवरसाइज शर्ट को शॉर्ट्स के साथ पहनना बहुत ही आरामदायक होता है। यह मेल न केवल आपको ठंडक देता है बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है। आप चाहें तो रंगों में विपरीतता भी चुन सकती हैं, जैसे सफेद शर्ट के साथ काली शॉर्ट्स या नीली शर्ट के साथ ग्रे शॉर्ट्स।

**लेगिंग्स के साथ आजमाएं :** अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो ओवरसाइज शर्ट को लेगिंग्स के साथ आजमाएं। यह मेल आपको एक अलग और आकर्षक लुक देगा। आप चाहें तो शर्ट को बाहर की ओर टक कर सकती हैं या फिर इसे पूरी तरह से बाहर निकालकर पहन सकती हैं। इसके अलावा आप शर्ट के बटन खोलकर इसे खुला भी रख सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

कार्नर न्यूज

**सही तरीके से पहनने और स्टाइल करने से आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं**

## ऊनी ड्रेस को स्टाइल करने अपनाएं ऐसे तरीके, ठंड से भी बचें और खूबसूरत भी लगें

ऊनी ड्रेस सर्दियों में सबसे आरामदायक और आकर्षक विकल्पों में से एक है। यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाती है। ऊनी ड्रेस को सही तरीके से पहनने और स्टाइल करने से आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं। इस लेख में हम कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी ऊनी ड्रेस को और भी आकर्षक बना सकती हैं।



### सही रंग का चुनाव करें

ऊनी ड्रेस चुनते समय रंग का चुनाव बहुत जरूरी होता है। गहरे रंग जैसे काले, भूरे या गहरे नीले सर्दियों में बहुत अच्छे लगते हैं क्योंकि ये ठंड के मौसम में गर्माहट का एहसास देते हैं। इसके अलावा अगर आप थोड़े चमकीले रंगों को पसंद करती हैं तो लाल, हरा या नीला भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। रंग का चुनाव करते समय अपने पसंद और मौके का भी ध्यान रखें।

### सही माप चुनें

ऊनी ड्रेस की माप बहुत जरूरी होती है। अगर आपकी ड्रेस ढीली होगी तो वह आपको अच्छा नहीं लगेगी और अगर बहुत कसी हुई होगी तो आरामदायक नहीं होगी। इसलिए हमेशा अपनी शारीरिक बनावट के अनुसार सही माप लें। सही माप वाली ड्रेस न केवल आपको आराम देगी बल्कि आपको आत्मविश्वास भी देगी। इसके अलावा यह आपके शरीर की प्राकृतिक सुंदरता को भी उभारती है और आपको हर अवसर पर खास दिखाती है।

### गहनों का मेल करें

ऊनी ड्रेस के साथ सही गहने पहनना भी जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। अगर आपकी ड्रेस लंबी है तो छोटे-छोटे गहने जैसे कान की बालियां या पतली चेन पहन सकती हैं, वहीं अगर आपकी ड्रेस छोटी है तो बड़े गहने जैसे झुमके या बड़े हार अच्छे लगेंगे। इसके अलावा कमर पर बेल्ट का उपयोग करके आप अपनी कमर को उभार सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।



### जूतों का ध्यान रखें

जूतों का चुनाव करते समय ध्यान रखना चाहिए कि वे आरामदायक होने चाहिए साथ ही आकर्षक भी दिखने चाहिए। सर्दियों में जूते सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये न केवल पैरों को गर्म रखते हैं बल्कि आकर्षक भी दिखते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो हाई हील्स या सपाट जूते भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगे और आपको हर मौके पर खास दिखाएंगे।

### बालों की सजावट पर ध्यान दें

बालों की सजावट भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती है इसलिए इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आपकी ड्रेस लंबी है तो खुले बाल बहुत अच्छे लगते हैं क्योंकि इससे आपका चेहरा खुला रहता है और आकर्षक लगता है, वहीं अगर आपकी ड्रेस छोटी है तो बालों को बांधकर पीछे की तरफ रखना अच्छा रहता है, जिससे आपका लुक साफ-सुथरा लगता है और ध्यान आकर्षित होता है।